स्कूलों के सम्बन्ध में कुछ जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की, उन के यहां कोई एक्ट था, जिस में उस जानकारी की आवश्यकता थी, ये लोग फौरन कोर्ट में चले गए, इस आधार पर कि सरकार उनके काम में इन्टरफीयर कर रही है, उनको आर्टीकल 30 में जो अधिकार मिला हुआ है, सरकार उस में रुकावट डाल रही है। इसी तरह से सन् 1971 में हुआ—उस समय भी यही प्ली ली गई कि आर्टीकल 30 में माइनोरिटीज़ को अपने स्कूल खोलने और उनका इन्तजाम करने का अधिकार है। सरकार उन के एडमिनिस्ट्रेशन में दखलअन्दाजी नहीं कर सकती। मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं—मुझे पब्लिक स्कूलों से कोई एतराज नहीं है, लेकिन इन स्कूलों का एडमिनिस्ट्रेशन किस तरह से चलता है, इसको जानने की कोशिश करे और किस तरह से आप इस काम को कर सकते हैं—इसके लिए आप कोई तरकीब निकालिए।

समाज कल्याण के सम्बन्ध में भी मैं दो शब्द कहना चाहती हूं—समाज कल्याण और शिक्षा ये दोनों एक ही मंत्रालय के दो विंग्ज हैं और अच्छा काम कर रहे हैं। आपके समाज कल्याण विभाग ने जिन संस्थाओं को अनुदान दिए हैं, उन संस्थाओं ने अच्छा काम किया है। लेकिन आप जानते हैं हमारे यहां ईविल्ज, बुराइयां की कमी नहीं है, हर क्षेत्रों में अभी भी बहुत कुछ करने को बाकी है। आज एक सबसे बड़ी समस्या हमारे सामने अनमैरिड मदर्स के बच्चों की है। अनमैरिड मदर्स के बच्चों को इल्लीगल बच्चा कहा जाता है, जब कि इस दुनिया में इल्लीगल कोई भी पैदा नहीं होता, दोनों की कन्सेन्ट से पैदा होता है। लेकिन मान लीजिए, यदि वह इल्लीगल भी पैदा हुआ है, तो इस में उस बच्चे का क्या दोष है। उस मां और बच्चे की सुरक्षा हम अपने समाज में कैसे करें—यह एक समस्या हमारे सामने है। वह मां यदि कहीं कोई ट्रेनिंग लेना चाहती है तो उसे कलंकिनी समझ कर उस को दाखिल नहीं किया जाता। ऐसी मिसाल मेरे सामने आई है। मैंने कोशिश की कि किसी स्कूल में उसको दाखला मिल जाय और वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके, अपने बच्चे का पालन पोषण कर सके—लेकिन इस समाज ने उसका विरोध किया। उसके बच्चे को अनाथालय में भेज दिया जाय, या उस को गंगा में बहा दिया जाय या उस को किसी गड्ढे में दबा दिया जाय—तब इस समाज को सन्तोष होगा। मैं चाहती हूं कि आपका मंत्रालय इन अनमैरिड माताओं के बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई कानून लाए, जिसमें ऐसी व्यवस्था हो कि जो भी बच्चा इस धरती पर जन्म लेता है, वह इल्लीगल नहीं होगा। ऐसी घोषणा हम को स्वतन्त्र रूप से करनी चाहिए। मेरी बात का यह अभिप्राय नहीं है कि मैं ऐसे बच्चों के जन्म को प्रोत्साहन दे रही हूं लेकिन जो किसी भी कारण से पैदा हो जाता है, इस धरती पर जन्म लेता है तो उसकी सुरक्षा होनी चाहिए।

प्रास्टीचूशन की इंस्टीचूशन को, उपाध्यक्ष महोदय, खत्म करने का हम बहुत दिनों से कोशिश करते रहे हैं, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली है। एक जगह से समाप्त होकर दूसरी जगह पर दूसरे रूपों में पैदा होती रही है। मेरा इस सम्बंध में सुझाव है कि इस के इरैडिकेशन के लिए जो पाकेट्स हमको मालूम हैं, उनमें हमें कुछ इन्तजाम जरूर करना चाहिए। जैसे उत्तर प्रदेश के उत्तर-काशी क्षेत्र को लीजिए। उस क्षेत्र से हमारे कई माननीय सदस्य यहां हैं, उनसे मेरी कई बार बातचीत हुई है—इस पहाड़ी क्षेत्र से

[श्रीमती सावित्री श्याम]

हर साल 40-50 महिलाएं बहका कर बनारस, कलकत्ता, दिल्ली, बम्बई, ले जाई जाती हैं और वहां बेच दी जाती हैं और फिर वहां पर प्रास्टीचूशन में फंस जाती हैं, इसको हमें हर तरह से रोकना चाहिए।

श्री गंगा चरण दीक्षित (खंडवा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, शिक्षा शब्द जैसे ही मस्तिष्क में विचरण करने लगता है, वैसे ही कुछ प्रश्न अनायास ही हमारे मस्तिष्क में पैदा हो जाते है और वे प्रश्न ये हैं :—

1. क्या साक्षरता में वृद्धि कर के हम ने विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में व्यापकता बढ़ाई है ?

2. क्या विशिष्ट दक्षता में वृद्धि कर के हम ने कुशल मानवीय पूजी का निर्माण किया है ?

3. क्या तकनीकी ज्ञान के विस्तार के जरिये हम ने रोजगार के द्वार खोले हैं ?

4. क्या आर्थिक आयोजन और आर्थिक विकास के प्रति हम ने नवयुवकों में कोई जागरुकता पैदा की है ?

5. क्या हम ने सामाजिक कुरीतियों का निराकरण कर दिया है ?

6. क्या हम ने छात्रों में उच्च चरित्र का निर्माण किया है ? क्या छात्रों में सर्वतोमुखी प्रतिभा जागृत हुई है ?

7. क्या विशिष्ट कानूनों की सहायता से और विशिष्ट क्षमता का नेतृत्व पैदा कर के हम ने जनतंत्र की रक्षा के लिए कोई आधार शिला प्रस्तुत की है ?

जब ये प्रश्न हमारे मस्तिष्क में आते हैं तो इन का जवाब यही दिखाई देता है कि हम ने कुछ नहीं किया।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है—स्वतन्त्रता युद्ध के आरम्भ से ही शिक्षा में क्रान्ति लाने के लिये नारेबाजी शुरू हुई। कई आयोग बने, शायद पांच आयोग बने, लेकिन पांचों आयोगों का यदि हम फल देखते हैं तो नगण्य दिखाई देता है।

उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते होंगे—शिक्षा तंत्र के चार अंग होते हैं। एक अंग होता है—आधारभूत ज्ञान। दूसरा होता है —शिक्षक। तीसरा अंग होता है—प्रसारण सामग्री या साधन और चौथा होता है छात्र अधिकारी। आधार भूत ज्ञान का किसी भी देश, समाज या राष्ट्र के नाम से संबंध नहीं रहता, उसका तो अंतस्चेतना, आत्मा की क्रिया या प्रवृत्ति से सम्बन्ध रहता है। हां. दूसरा ध्येय—जो प्रसारण सामग्री है, उसमें वांङ्गमय आता है, हमारी पुस्तक आती हैं। मैं कल्पना नही कर सकता कि राजनीतिक आजादी के साथ भाषण की आजादी भी जुड़ी हुई है या नहीं—यह एक विचारणीय बात हो सकती है। समस्त समाजवादी देश और अन्य देश भी यह कबूल करते हैं, यह मान्यता प्रदान करते हैं कि राजनीतिक आजादी के साथ भाषा की आजादी जुड़ी हुई है। भाषा अनुभूति का माध्यम ही नहीं है, यह विचार प्रकट करने का माध्यम ही नहीं है, वह हमारे चरित्र का एक अंग है।

14 hrs.

जो आदमी अपने को अपनी भाषा से जोड़ता है वह देश की मिट्टी की गंध से, उसकी ऊर्जा से, उस के संस्कारों से, उस की संस्कृति से अपने को जोड़ता है। आज अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अंग्रेजी भाषा का ज्ञान मेधा का पर्यायवाची शब्द बन गया है। अंग्रेजी जिसने पढ़ी वही विद्वान है और जिस ने अंग्रेजी नहीं पढ़ी वह मूर्ख है। आज स्वार्थ निहित आदमियों ने

अंग्रेजी को इतनी महानता इसलिये प्रदान की है कि अंग्रेजी उन को पद देती है, अधिकार देती है, और पैसा देती है। अधिकार एक अमूर्त वस्तु है। असल में अधिकार के बाद मे पैसा पैसे के रूप में आता है। अंग्रेजी केवल हमे ज्ञानवान बनाये तब तो एक बात है। लेकिन अंग्रेजी हम को अंग्रेजियत देती है। मेधा रचनात्मक होती है और रचनात्मकता का सम्बन्ध अपनी भाषा से होता है, न कि दूसरों की भाषा से। अगर अंग्रेजी पढ कर मैं विद्वान कहलाऊ और देश के सस्कारों को भूल जाऊ तो मैं कैसा भारतीय हू। अभी मेरे पूर्ववक्ताओं ने हिन्दी के बारे मे कहा मुझे अफसोस है कि आज हिन्दी को जो प्रधानता मिलनी चाहिये वह नही मिल पा रही है। सस्कृत हमारी एक आत्म-शक्ति देने वाली भाषा है। डा० रघुवीर सिंह ने अपनी डिक्शनरी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि विश्व की कोई भी भाषा का शब्द सस्कृत के माध्यम से नये तौर से बनाया जा सकता है। सस्कृत मे जितनी शब्द साधिनिकता है उतनी विश्व की किसी भाषा मे नही है। अगर हम एक 'हार' शब्द को ले और उस मे भिन्न-भिन्न प्रत्यय लगाय तो उन प्रत्ययों को लगाने से भिन्न-भिन्न अर्थ के शब्द बनते है, जैसे निराहार, व्यवहार, उपहार, प्रतिहार, आहार। उसी प्रकार से 'कय' शब्द को लेते है और उस मे भिन्न-भिन्न प्रत्यय लगाने है तो आकार, निराकार, साकार, उपकार, प्रत्याकार शब्द बनते है। इतनी शब्द साधनिका विश्व मे सिवाय सस्कृत के और किसी भाषा मे नही है। इसलिये सस्कृत की अवहेलना करना इस देश के प्रति अन्याय होगा।

तो जहा तक प्रसारण सामग्री का सम्बन्ध है मैं चाहता हू कि हिन्दी को प्रधानता दी जाय। रूस एक ऐसा देश है जहा भिन्न-भिन्न जिलों मे, भिन्न-भिन्न प्रान्तों में भिन्न-भिन्न भाषाये हैं, लेकिन रूसी भाषा अनिवार्य रूप से हर एक के लिये जानना अनिवार्य है। कोई भी प्रान्तीय या स्टेट की भाषा या कोई भी योरोपियन भाषा ले ली जाय, लेकिन रूसी भाषा को हर एक छात्र को जानना जरूरी है।

राष्ट्रीय विचारशीलता का मापदंड यदि कोई चीज है तो भावी नागरिकों के लिये जो हम पाठ्य क्रम निर्धारित करते है, वह है, उसी से राष्ट्र की विचारशीलता गिनी जाती है। आज हमारे यहा यह हालत है कि अगर 'ग' गणेश का है तो हम 'ग' गधे का कर देते हैं क्योंकि 'ग' गणेश मे साम्प्रदायिकता आती है। मेरी समझ मे नही आता कि 'ग' गणेश का कहने मे कौन सी साम्प्रदायिकता का विस्तार होता है जब कि हम 'ग' गधे का कहने लगते है। आध्यात्मिकता बिल्कुल छूट गई उस से कोई सरोकार नही है। इसलिए मेरी माग है कि हम सस्कृत की अवहेलना न करे, सस्कृत ज्ञान को प्रधानता दें हिन्दी की अनिवार्य जानकारी लोगो को देने की कोशिश करे तो हमारी भाषा का प्रचार होगा। अंग्रेजी के कारण हमारी भाषा पनप नहीं सकेगी।

तीसरा सवाल छात्र अधिकारी है। आज भारत का नवयुवक जीवन की देहली पर खडा हुआ है। जहां अज्ञेय भविष्य और अलभ्य अतीत परस्पर आलिंगन कर रहे हैं। वे स्वतन्त्र मस्तिष्क और मुक्त हृदय हैं। न उन को भूत का खौफ सताता है और न भविष्य का भय उनको सताता है। उनसे कहा जाता है कि वे क्रांति लाए क्योंकि वे शिक्षित हैं, मेधावी हैं, उन की धमनियो में खौलने वाला खून है, नौकरी की तलाश में घिस गई है। उसकी शिक्षा, समाज के बेमाप भार से कुंठित हो गई है आपकी मेधा। जीवन सघर्ष के हिमपात से उनकी धमनियो में खून की एक भी बूंद नही है वे खोले कहां से।

[श्री गंगाचरण दीक्षित]

जीवन संघर्ष के कुहासे में वह रोजी और रोटी की मंजिल देखें या सांस्कृतिक क्षेत्र का सुनहरा मकबरा। उससे कहा जाता है कि वह क्रांति लाए। कहां से क्रान्ति लाएगा? बड़ा मुश्किल है क्योंकि आज तो उसे नौकरी की तलाश है। सब से पहला काम जो शिक्षा के क्षेत्र में करना होगा, वह यह करना होगा कि नौकरी का सम्बन्ध डिग्रियों मे एकदम हटा दिया जाए। अगर डिग्री मिल गई तो यह माना जाता है कि नौकरी प्राप्त होगी और यदि डिग्री नहीं मिली तो नौकरी नहीं मिलेगी। तो डिग्री प्राप्त करने का सम्बन्ध नौकरी से हटा दिया जाए। आज आदमी शिक्षा इसीलिए प्राप्त करता है कि उसे नौकरी करनी है। अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा का पिछला द्वार जो खोला था वह नौकरी की तरफ खोला था। वे बाबू पैदा करना चाहते थे। आज भी वह प्रणाली अपनाई जा रही है शिक्षा का पिछला द्वार अभी भी नौकरी की तरफ बन्द नहीं किया गया है। आज हमारे पास एक ही विकल्प है कि शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करें और हर एक को नौकरी दें, नहीं तो यह करें कि नौकरी देने के लिए जो डिग्रियां हैं उन को बन्द कर दिया जाए।

अब रही अध्यापक की बात। अध्यापक के बारे में विनोबा जी ने कहा कि आज अध्यापक एक मृतजीवी है क्योंकि वे कहते हैं कि जो अध्यापक अपने जीवन यापन के लिए नौकरी करता है, वह मृतजीवी है। भगवान मनु ने भी कहा है कि जो अध्यापक जीवन यापन करने के लिए अध्यापकी करता है वह मृतकाध्यापक कहा जाएगा, वह जीवी-अध्यापक नहीं है। समाज ने अध्यापक की नियुक्ति इसलिए की कि वह व्यक्ति और समाज में एक सामंजस्य स्थापित करे इसलिए नहीं कि वह अपने जावन-यापन के लिए एक जरिया ढूंढ ले। हमारा उद्देश्य तो यह था कि व्यक्ति और समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति वह करे और वह एक ऐसी धुरि हो जोकि समाज को जोड़ती हो और उस धुरि को यदि हम यह समझें कि वह केवल शाला में इसलिए आता है कि उसको अपना जीवनयापन करना है तो अध्यापक नहीं, मृतजीवी अध्यापक होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, यह बात जरूर है कि हमारी औपचारिक शिक्षा ने हमारे देश को कुछ नहीं दिया। जो औपचारिक स्कूली शिक्षा होती है, उसमे देश को कोई फायदा नहीं पहुंच सका। खुशी की बात है कि हमारे मंत्री महोदय ने अभी अभी विचार प्रस्तुत किए हैं कि अनौपचारिक शिक्षा देने की तरफ हम कदम बढ़ाएंगे लेकिन वे कदम कब तक बढ़ेंगे, कितने साल में बढ़ेगे और उस की गति धीमी रहेगी या तेज होगी, इस पर कोई प्रकाश नहीं डाला है। मैं समझता हू कि अनौपचारिक शिक्षा मे हम सच्चे नागरिक पैदा कर सकेंगे और सच्चे मनुष्य पैदा कर सकेंगे। हमने भौतिक पूंजी का निर्माण किया है। अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमने मानवीय पूंजी का अभी तक निर्माण नहीं किया है और अगर मानवीय पूंजी का निर्माण नही करेंगे तो भौतिक पूंजी का विनाश करने के लिए शैतान पैदा हो सकता है। अगर मनुष्य मानवीय गुणों को लेकर नहीं चलता है और केवल भौतिक गुणों का ही निर्माण होता जाता है, सड़कें बनती जाती हैं, पुल और रास्ते बनते चले जाते हैं और शैतान पैदा होते जाते हैं तो वे सब चीजें पल भर में भी नष्ट की जा सकती हैं और नष्ट हो भी जाती हैं। मैं मंत्री महोदय का

आभार मानता हूं कि औपचारिक शिक्षा की तरफ से उन्होंने अपना ध्यान हटा करके अनौपचारिक शिक्षा की तरफ बढ़ाया है।

SHRI BISWANARAYAN SHASTRI (Lakhimpur): Mr Deputy Speaker, Sir, Education is in the State List; but for all practical purposes, the policy and pattern of education are determined by the Central Government. And the Central Government cannot shun its responsibility, simply because Education is in the State List. Educational institutions now can be termed as the machines for manufacturing unemployed youth What will be the position when 100 per cent of our people become educated? Roundabout 30 per cent of our people are now educated. Our aim is to give education to all, i e upto 100 per cent. Therefore, along with the spread of education this aspect also should be taken into account

Perhaps India is the only country where all the emphasis is given on higher education; and quite a big sum is spent on it, while neglecting primary education. On the other hand, in our Constitution, there is a directive that upto the age of 14, all the children are to be given free and compulsory education. It still remains a far dream. I would like to urge upon the Minister to find out ways and means for giving more emphasis and for spending more amount on primary education; and if necessary, stop—for a few years, say 3 to 5 years—any expansion and development in higher education.

UGC stands for University Grants Commission. So far as the name is concerned, it is सार्थकनामा (worth the name) because it does nothing else but giving grants. A long time ago, poet Rabindranath Tagore had made an observation. He said:

"I appreciate the sense of propriety and justice of our masters.. He meant the British. He says:

"...They have designated the highest officer of the Education Department as the Director of Public Instruction, instead of as Director of Public Education, because they were giving simply instructions, not education."

Similarly, I would like to say that the name is justified, because UGC is just distributing the grants. It has done nothing else. They are simply staying in an ivory tower and spending crores of rupees of the tax-payers on establishment. That Commission should be re-constituted and re-vitalized if it is to have any achievement in the field of higher education.

So far as languages are concerned, we have got the 3-language formula, viz Hindi, English and the regional language Regional languages are to be taught; but in State like Assam and in some other States, it does not remain a 3-language formula. It becomes a 4-or 5-language formula. Because, there are some languages which are to be taught in addition to the regional language then education is imparted in the regional language, and there are Hindi and English. So, it becomes four languages and five in certain cases.

However, that apart, Sanskrit has to be fitted in in the three-language formula I do not say that Sanskrit should be taught compulsorily to all the students, but it should find a place, along with Hindi or any other language, like a tapering course. It can serve as a source material for inspiration and for development of the regional languages, because it is known to everybody that unless the regional languages are developed, we cannot have a socialistic society. So, Sanskrit cannot be ignored or neglected by students and the society if we want to have regional languages as the medium of education and administration.

[Shri Bishwanarayan Shastri]

So far as the mount spent is concerned, if you judge it from the point of view of the Central Government, they have spent quite a good amount for the spread of Sanskrit. But if it is not taught properly in the secondary stage, then the spending of this sum will serve no purpose. Moreover the traditional method of teaching is to be encouraged.

Here I will give the translation of a Sanskrit verse. Once a bee was sucking honey from a lotus. When it was inside the lotus, it was the evening and the lotus closed. So, the bee could not go out. The bee mused that it will not remain there for ever, the night would be over, the sun will rise, the lotus will blossom, and I shall be able to go out when the lotus opens. While it was musing like this, an elephant came there, pulled out the lotus along with its root and destroyed it, killing the bee. The condition of Sanskrit can be compared to that of this bee. It is hoping that some day will come when it will fit in with the three-language formula, but that hope is not yet realised. So, I would urge upon the Minister to consider this question seriously.

Then, I would say that the other classical languages should also find a place in the three-language formula. Not only for the development of the regional language, but also for the imparting of discipline, classical languages have got their role to play. I do not want to go into detail on that line. It is known to all persons who have made a study of classical languages that it gives the basic mental discipline to all persons. Therefore, apart from the study of Sanskrit, the study of other classical languages like Latin, Arabic and Urdu should find a place in the three-language formula.

So far as the three-language formula is concerned, it is stated that people coming from the Hindi-speaking area will study some other language To my mind, it is absurd and impracticable. The students of non-Hindi-speaking areas will certainly study Hindi, because it is the national languages along with English. Therefore, it has utility. But suppose a student coming from UP learns Telugu, how will he utilize it? Because, he will have nothing to do with Telugu in the future. So, it can be studied by the scholars and research students, but not by the common students. It is absurd and impracticable. So, something else should be taught in its place. It is why, in spite of the Central assistance, this scheme is not implemented at all, or is not implemented fully.

The Ministry has taken care to foster regional languages. For that purpose it has spent certain amounts. But, with that meagre amount they cannot expect to develop all the regional languages which are recognised in our Constitution. Then, there are certain languages which are not recognised but which are rich. For their development also some amount should be spent.

The Sahitya Akademi is a national Akademi of letters. It has to work for all the Indian languages. In addition, they have to do work in Tibetan and other foreign languages also. But the total allocation for that institution is round about Rs 20 lakhs only, and out of that, 80 per cent or something like that is spent on establishment. Then, what remains for the development of the languages or to take up projects for the development of the regional languages? Therefore, I would urge upon the Minister to take a special note of it, if he is really sincere and really desirous that the regional languages should be developed, and give assistance and encouragement to the voluntary organisations, and more particularly to the Sahitya Akademi.

I find from the Report of the Ministry that the National Book Commit-

tee was constituted in 1967 and again in 1970, but since 1970 it has not been constituted and has not been functioning. Then, how can we expect that this Ministry will deliver the goods so far as national books are concerned? That also should be taken into consideration, and prompt action should be taken.

There is a certain formula laid down in the Report for the export and import of books. There, only the amount has been mentioned, nothing has been mentioned about the quality or the nature of the books which can be imported or exported. There is no institution or committee to supervise it. It is left to the Commerce Ministry, and the Commerce Ministry does it in a commercial way, but everybody knows that books imported in a commercial cannot serve the cause of education and enrich knowledge.

There are manuscripts lying all over the country There is a saying in respect of Greek that what has been published in that language is only one-tenth of what exists. So far as Sanskrit and other regional languages are concerned, what has been published is only 1/20 of the manuscripts lying all over the country. Therefore, a vigorous attempt should be made for the preservation of these manuscripts from decaying by the micro-filming and other processes There are manuscript libraries like the Tanjore Library in Tamil Nadu which can be made into an institution of National importance and maintained

So far as education is concerned, we are entering a new phase. Our Prime Minister has declared the 20-point programme which has been accepted by the nation and is being implemented in various spheres. I would request the Minister here to devise ways and means for the involvement of the teachers students in the speedy implementation of this programme.

I support the Demands of the Ministry.

Shri P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): I am grateful to you, Mr. Deputy-Speaker, Sir, for giving me some time so that I can offer a few comments on this vast field of education, culture, social welfare and sports. If you take even any one of the minor topics covered by the Ministry, you will appreciate that one can go on making suggestions, comments and criticisms, but I will have to restrict myself to some of the broader aspects covering the activities of this Ministry.

Let me start by saying that on education depends not only our future, but even our survival! I do not think we have realised this obvious truism, but sometimes even an obvious turism, has to be repeated. If that is so, I would like to ask my dear and esteemed friend, the Education Minister, and his able colleagues whether they and we together have really succeeded in giving priority to education, educational programmes and allot them adequate funds. Of course, for education, the funds will always be inadequate. But, in our country, I find, over a period of many years, since Independence, the funds allotted to education are very meagre. One argument advanced is: Why do you want to spend more on education and create educated unemployment? I feel, this is a contradiction in terms. If a person is educated, how can he be unemployed? It means, we are not educating him properly. A truly educated man will always be employed. If nothing else, he will be self-employed. But, unfortunately, our education is such that even self-employment has become almost an impossibility.

Coming back to my main point, I would like education to be given the top-most priority by all concerned, by the community at large, by the Union and State Governments and by the leaders of public opinion. For many years, the Education Minister is not represented at the Cabinet level. I cannot imagine a Cabinet of any democratic country where a Minister of Education is not a member of the highest policy-making personnel, namely, the Council of Ministers. If you

[Shri P. G. Mavalankar]

want to spend money in other spheres but if you do not consult and involve the Education Minister who is really to give you the manpower, you cannot get the desired results. You may have all economic programmes; you may have all other developmental projects. But if you do not have the educated men to man the various projects, how are you going to really have progress or development of the country? Therefore, I feel, as long as the Education Minister is not a member of the Cabinet, as long as he is not a part of the Council of Ministers, as long as he does not receive a large percentage of national budget, I do not think any effort at discussing these points in our august House will be of much significance.

I know, of course, education is a State subject, Dr. V. K. R. V. Rao who preceded me, in his very fighting and eloquent speech, mentioned this aspect also. But I do not think the problem of the Education Minister at New Delhi, that is, at the federal level, is merely of persuasion and influence. It is also a problem of coordination. Education is a matter which requires coordination. I am not one of those who believe that education must necessarily become a Central subject. I would certainly like freedom of experimentation and areas of experimentation available to all parts of the country. By its very nature of things, education is such which requires innovation, imagination and experimentation, laboratory experimentation both in the field and in the walled laboratory rooms. If you make education a Central subject you take away the intitative and experimentation as a necessary and valuable tool and freedom from the various regional institutions and regional places. (*Interruptions*) But this is not to say that education should not be coordinated. All education is experimentation. My hon. friend, Mr. Sathe, forgets that he and I have been the victims of certain experiments in our own times when we were in colleges and schools. Some of the experimentation was good; some was not so good. Ultimately, you will have to take the students and the children as tools for experimentation. All that Mr. Sathe, probably, wants is that we should not victimise the generation of students. Of course, I agree, and share this anxiety. That means, you will have to have an intelligent planning of educational policies; you will have to have an imaginative planning of all educational programmes. Therefore, it is not to suggest that education means no experimentation; or that it means no freedom, no initiative to experiment.

My point is, although education is a State subject, much needs to be done in terms of coordinating intelligently and imaginatively various experiments and educational ideas and programmes which are spread over the entire country. In terms of higher education and college education, there is some kind of scope for coordination. But I will not refer to that because my time is limited. I want to say something about primary education. In the past, in this House, when I asked questions, the Minister of Education gave a reply, more than once, not only to me but to many others that the number of illiterate children is increasing rapidly and fantastically. That is partly, of course, because of the fact that the population itself has been increasing very rapidly. But, apart from that aspect of the matter, I would like to know how much money is being spent, how much attention is being given to this basic problem of making the children literate in our country. It is no use saying every year that the dream is a distant one. Like the horizon it will become more and more distant, I agree; but, up to a point, even though it is distant, we should spend more time and energy and money and see that a vast number of children of our country become literate.

There was a mention of children in the Social Welfare Department's report. I would like to know what the Government of India are doing about that, and I would certainly like to compliment the Government by saying that they have done well in

having a national policy for children which, I suppose, they adopted on the 22nd August 1974 It is nearly two years now that this policy has been adopted and I would like some details to be furnished to this House by the Minister in regard to the actual, active and concrete programmes that have taken place and which are now being contemplated for implementation with regard to the future of the children When one goes to the socialist countries when one goes to the western countries when one goes to the Scandinavian democracies one finds that the children there are looked after with tremendous care almost with reverence with a good deal of attention and with a lot of respect Even though Mr Sathe and I are now perhaps considered as gone for ever in terms of doing things better at least his children and my children can do better But this is possible only if his children and my children get the necessary attention and respect and I would say reverence

About the Higher Secondary Education pattern I would only say this that there is no use in saying that the 10+2+3 pattern is being increasingly accepted What have we done in terms of four things—in terms of vocationalisation in terms of study courses in terms of funds allotment to the various states which have gone into this pattern of 10+2+3 in terms of equipment in terms of libraries laboratories buildings etc? And the fourth and the last though not the least important thing is teachers' education Are teachers being re-education for that purpose?

With regard to Colleges and Universities I would only say since my time is limited that although the Education Minister says in his report —I dont want to take up time by reading all the lines—that since the Emergency, every thing is quiet, I would like to know from my friend the former Professor in fact, he is, I believe, even now a Professor, for many of us here continue as Professors although we are now Members of Parliament—what a peaceful academic campus means Does it mean that students are not asking questions, are not challenging the authorities, are not challenging the teachers, are not doubting and questioning the leaders, whether they be politicians and public men or Vice-Chancellors or Prfessors or Principals? It is true that violence and unrest have gone down to an extent That is good but it is not enough What we want is a restless academic campus restless for new ideas restless for the quest of truth, restless for challenging old beliefs The Upanishadic and Vedic traditions of our own country never said that we should accept whatever comes from the teacher In fact we should doubt it The Purvapaksh' and the Uttarapaksh in the Upanishad say the same thing—that whatever the teacher or the Professor says, dont accept it but just listen to it think on it and then agree to it or contradict it Does that happen?

I am all for teacher politicians being eliminated from the campuses I don't want teacher-politicians on the campuses but I do want intelligent and independent teachers and Professors who will say no when many others are saying 'yes'!

Therefore I will conclude by saying that academic campuses and educational campuses must be such wherein there is a lively communication of ideas between the teachers and the taught There should be education for citizenship, for democracy and education for general development of all-round personality

I would say that when we come to that there is no dearth of ideas and there is no dearth of reports So many reports have been coming out both before and after independence But there is dearth of two things There is dearth of dedicated persons with imagination, intelligence and a missionary zeal who will implement these ideas, and there is dearth of sustained, sincere, and sensible implementation. If these inadequacies are met, I am

[Shri P. G. Mavalankar]

sure we will come to treat education in right earnest and as an enormously serious business and not look at it and treat it casually and complacently as, I am afraid, we have been doing for so many years since independence.

श्री शंकर दयाल सिंह (चतरा) : उपाध्यक्ष जी, जितने प्वाइन्ट्स मुझे कहने थे, करीब करीब सभी मुझसे पूर्व वक्ताओं ने कह दिये, जो थोड़े-बहुत बचे हुए थे, वे मावलंकर जी ने पूरे कर दिये। लेकिन मैं एक ही बात कहना चाहता हूं—हमारी प्रधान मंत्री जी ने पिछली 24 तारीख को गोहाटी में भाषण देते हुए कहा था—मैं केवल उसी बात को माननीय शिक्षा मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं, मैं जानता हूं उन्होंने पहले ही उस को अच्छी तरह से नोट कर के रखा होगा—प्रधान मंत्री जी ने जो कहा था, वह गोहाटी और आसाम के अखबारों में बहुत अच्छे ढंग से छपा था, उन्होंने बहुत ही साफ़ शब्दों में कहा कि हमारी शिक्षा का पैटर्न, शिक्षा पद्धति अभी भी वही है जो ब्रिटिश लोगों के जमाने में थी। अंग्रेज ने जिस तरह की शिक्षा पद्धति हम को दी, हम अभी तक उस पर चल रहे हैं, नतीजा यह हुआ कि जिस तरह का उपयोग शिक्षा का होना चाहिये, विद्यार्थी जितना व्यावहारिक होना चाहिये, वैसा अभी तक हम उस को नहीं बना पाये हैं। इस लिये शिक्षा पद्धति में काफ़ी सुधार की आवश्यकता है।

उपाध्यक्ष जी, शुरू से लेकर अब तक हम सभी इस बात के लिये चिन्तित रहे हैं कि शिक्षा संस्थाओं को हम कैसे ज्ञान का मन्दिर बनायें, विद्यार्थियों को किस तरह से उपयोगी शिक्षा दें। अभी जो रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय की हमारे सामने आई है—उस में प्रथम पृष्ठ पर ही इस बात को चर्चा है कि केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की जो बैठक 27 और 28 नवम्बर, 1975 को हुई थी और जिस का उद्घाटन प्रधान मंत्री जी ने स्वयं किया था, उस की सिफारिशों की चर्चा प्रथम पृष्ठ पर है। लेकिन माननीय मंत्री महोदय को याद होगा कि प्रधान मंत्री जी ने उद्घाटन भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि हम लोगों में शिक्षा को जकड़ कर रख दिया है, बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्ज बन जांय, बड़े-बड़े भवन बन जांय—केवल इस बात पर जोर होता है। और किसी जगह किसी विश्वविद्यालय को पांच लाख का अनुदान दिया जाता है तो चार लाख रुपये का भवन बनेगा, लेकिन उसमें छात्र कैसे पैदा हो रहे हैं—दो कौड़ी के भी पैदा नहीं हो रहे है। तो हमारी प्रधान मंत्री जी ने इस बात पर जोर दिया था कि जिस तरह से शांतिनिकेतन की स्थापना गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर ने की थी, उसी विश्वभारती पैटर्न के विश्वविद्यालय होने चाहिये, ओपन-यूनीवर्सिटी होनो चाहिये या उनमें हम मनुष्य बना सकते है। लेकिन भवन बनाने से मनुष्य बन जाय इस को कोई गारन्टी नही कर सकता इसलिए मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जो इस बात को समझें। आज आवश्यकता इस बात की है कि जिस तरह से स्कूलों में पढाई होती है-क से कौवा ख से खरहा, उस की जगह अब होना चाहिए - क से काम और, ख से खाओ, काम करके खाओ, आज इस तरह की शिक्षा देने की आवश्यकता है, हम को अपने वर्तमान पैटर्न को बदलना होगा।

उपाध्यक्ष जी, बराबर इस बात पर जोर दिया जाता है कि शिक्षा जाब-ओरियेन्टेड होनी चाहिये। मैं इस बात से थोड़ा सहमत नहीं हूं। जाब-ओरिएन्टेड का अर्थ हुआ है कि किसी को इन्जीनियरिंग की तालीम दे दो, किसी को किसी तरह की कोई टेक्नीकल तालीम दे दो, लेकिन उस के बाद भी बेकारों की संख्या

में कमी नहीं आती। इस लिये मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि शिक्षा को व्यावहारिक बनाइये, इस तरह से व्यावहारिक बनाइये कि बी० ए०, एम० ए० करने के बाद, इन्जीनियरिंग पास करने के बाद डाक्टरी पास करने के बाद, पी० एच० डी० करने के बाद अगर लडका घर मे आये तो खेती की मेड पर चलने मे उस को शर्म न आये, पिता को पिता कहने मे झिझक न हो। बहुत जगह ऐसे उदाहरण देखने मे आये हैं —अगर पिता घुटने तक धोती पहने हुए अपने लडके के पास गया है, वहा उस के किसी साथी ने पूछ लिया कि य कौन है, तो उन ने कह दिया कि हमारे गाव मे आया है बेचारा। मैं कहना चाहता हू कि देश मे वह शिक्षा प्रणाली आनी चाहिये, जिस की ओर गाधी जी ने, गुरुदेव ठाकुर ने, डा० जाकिर हुसैन ने, राजा राम मोहन राय ने तथा अन्य लोगों ने बल दिया है। जिस विषय की ओर बारबार यहा लाया न ध्यान दिलाया है मै उस की चर्चा करना चाहता हू, पुनरावृत्ति नही करना चाहता हू एक तो यह है कि जो पब्लिक स्कूल है, सैंट जेवियर आदि, उन मे जो लडके पढते है उन से साधारण कौर्पोरेशन के स्कूलों मे पढने वाले लडके कैसे बराबरी कर सकते है और समाजवाद की स्थापना तब तक नही कर सकते जब तक पढाई के लिये बच्चा को समान अवसर प्रदान नही करते है। एक आइ० ए० एस०, आइ० पी० एस० का लडका आइ० ए० एस० और आइ० पी० एस० हो जाता है, लेकिन एक गरीब किसान का सिपाही का, मुखिया का या गाव के हलवाहे का लडका कभी भी बडा अफसर नही बन पाता। इस का कारण यह है कि उसे मौका नही मिलता है। अगर उसे भी किसी पब्लिक स्कूल मे, सेंट स्टीफन्स मे पढने का मौका मिल जाय तो निश्चित रूप से वह भी आइ० ए० एस० और आइ० पी० एस० हो जाय। लेकिन उन को इस तरह के मौके नहीं मिलते हैं। इसलिये शिक्षा का आज का पैटर्न उन्ही के लिये है जिन के पास पैसा है या बडे बडे अधिकारियों के बच्चों के लिये है, या हम लोगों के लिये है क्योंकि अपने बच्चों को तो हम पढा लेते हैं पब्लिक स्कूलों मे, लेकिन जिन 10 लाख लोगो ने हमे वोट दिया है उन के लडकों का क्या भविष्य होगा यह अधकार मे है। इसलिये मैं चाहता हू कि पब्लिक स्कूल और छोटे स्कूलो को समान स्तर पर ले आये पढाई के मामले मे, जिस से सब को समान अवसर प्राप्त हो सके।

उपाध्यक्ष जी, अभी प्रधान मत्री जी ने और हमारी पार्टी ने यह आह्वाहन दिया था कि प्रतिनिधिगण पद यात्रा करे। इस दौरान मे जब मै गाव मे गया तो निश्चित रूप से प्राथमिक और मिडिल स्कूलो मे भी गया। मै बताऊ 20 सूत्री कार्यक्रम मे एक सूत्र यह है कि सस्ते दाम पर पुस्तके, कापिया बच्चों को प्रदान कराई जाये और होस्टलो मे जो लडके रहते हैं उन को खाने की सामग्री सस्ती मिले। मै नाम दे कर बताना चाहता हू कि हजारीबाग जिले के चौपारन और कोडरमा सबडों के जिन जिन स्कूलों मे मै गया वहा पाया कि अगर वहा छठी क्लास मे 60 बच्चे पढते है तो केवल 5 बच्चा के पास पुस्तके है और जिस पुस्तक का मूल्य 1 50 पैसे है वह लडकों ने 3 रु० म खरीदी है। इस लिये एक ओर तो पुस्तको का अभाव है और दूसरी ओर अगर मिलती है तो अधिक दाम पर मिलती है। कागज आप सब्सी-डाइज्ड रेट पर देते है सस्ते दाम पर कापिया देने के लिये। कई बार ऐसा मामला सामने आया है, जैसे वैशाली का आप ने ट्रेड मार्क बना दिया कि इस ट्रेड मार्क की कापी का मूल्य 30 पैसे रहेगा। लेकिन आप से कागज सस्ते मूल्य पर ले कर दूकान-

[श्री शंकर दयाल सिंह जी]

बार यह करते हैं कि 30 पैसे की कापी नेपाल में एक ० में बेच देते हैं । इस मामले की जांच हुई है और सी० बी० आई० ने कहा है कि यह बात सही है। तो इस तरह की भी धान्धली नहीं होनी चाहिए । बच्चों को उचित दाम पर चीजें मिलनी चाहिये । आप मान्यवर स्वयं शिक्षा शास्त्री हैं और देश के शिक्षाविदों में आप का स्थान है इसलिये अनुशासन के अन्दर रह कर मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं, और आप घंटी न बजायें ।

पहला सुझाव यह है कि प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों की शिक्षा समाजवादी ढंग से हो सके इसके लिये इन के पाठ्यक्रम में इस तरह की चीजें दे जो कि राष्ट्रीयता को सिखायें और उस का पैटर्न हर जगह और हर राज्य में एक होना चाहिये,

दुसरा यह कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा जो कुछ अनुदान विश्वविद्यालय को या कालेजों को दिया जाता है तो पिछड़े और जंगली क्षेत्रों के जो भी विद्यालय या विश्वविद्यालय हैं उन को अधिक अनुदान मिलना चाहिए । ऐसा न हो कि केवल केन्द्रीय और शहरी विश्वविद्यालयों को ही अधिक अनुदान आप दिया करें ।

तीसरा यह कि प्रधान मंत्री जी ने जैसा कहा है उस के अनुसार शिक्षा को सादगी के साथ आप जोड़ें और शांतिनिकेतन के पैटर्न पर खुले विश्वविद्यालय, हर जगह, हर प्रान्त में होने चाहियें। और हर जिले में एक एक ओपिन कालेज खोला जाये ।

बिल्डिंगों को प्रधानता न देकर पढ़ाई को प्रधानता दी जाए । सैनिक की जो शिक्षा होती है वह पेड़ के नीचे होती है जंगल में होती है और पहाड़ में होती है और भवन के नीचे नहीं होती है लेकिन सैनिकों में जितना अनुशासन है वह और कहीं देखने में नहीं आता है ।

मेरा अगला प्वांइट यह है कि छात्रवृतियों की संख्या भी बढ़ाई जाए । नेक्स्ट प्वाइंट यह है कि भारतीय भाषाओं में शिक्षा देने को प्राथमिकता दी जाए । जहां तक हो सके अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम न बनाया जाय और अगर बनाना ही है, तो ऊंचे स्तर पर बनाना चाहिए और नीचे के स्तर पर न बनाएं जैसा कि दूसरे लोगों ने भी कहा है ।

अगला प्वाइंट यह है कि वाइस चान्सिलरों के एपाइंटमेंट के लिए यहां बोर्ड की स्थापना करना चाहिए जिसमें अनुभवी शिक्षाविद हों और उनके द्वारा ही हर एक विश्वविद्यालय के वाइस-चान्सलर की नियुक्ति की जाए । ऐसा न हो कि जो ज्यादा पढ़े लिखे भी न हों उनको यूनिवर्सिटी का वाइस-चान्सलर बना दिया क्योंकि उनकी पहुंच है ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि शिक्षा एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है देश के लिहाज से । इसलिए शिक्षा को केन्द्रीय विषय बनाया जाए । राज्यों से लेकर आप केन्द्रीय विषय इसको बनाएं और खुद अपने सुपरवीजन में इस को लें ।

इन शब्दों के साथ जो कुछ मंत्रालय ने किया है, इस के लिए मैं आप को बधाई देता हूं और आप सब के सब बधाई के पात्र हैं कि आप ने प्राइमरी शिक्षकों और प्राइमरी स्कूलों के विद्यार्थियों की ओर ध्यान दिया है ।

श्री मुल्की राज सैनी (देहरादून) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षा और समाज

कल्याण विभाग की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

यह सत्य है कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है और यह सभी जानते हैं कि शिक्षा से ही हैवान या पशु इंसान जैसा बन जाया करता है और जो शिक्षा ग्रहण नहीं करता है उसके अन्दर वे गुण नही आते हैं जो कि आने चाहिएं।

हमारे शिक्षा मंत्री जी बहुत योग्य और विद्वान हैं। अपनी जिन्दगी का बहुत बड़ा हिसा उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुजारा है, और उन्होंने शिक्षा के बारे में बहुत नजदीक से देखा है। वे बहुत कुछ करना चाहते हैं लेकिन धन का अभाव है। शिक्षा के लिए उतना धन नहीं मिल पाता जितना मिलना चाहिए लेकिन फिर भी मैं यह कहना चाहूंगा कि जो कुछ भी मिल रहा है उसको कामन पोपुल या जो पिछडे या गरीब लोग हैं, जिनके लिए इस सम्मानित हाउस में बहुत से सम्मानित सदस्यों ने आवाज उठाई है, उनके लिए खर्च करना चाहिए। हमारे यहां प्राइमरी और सैकडरी एजूकेशन निगलेक्टेड है और हमारे श्री शकर दयाल सिंह ने कहा है कि आज वे लोग अपने बच्चों को अच्छी तरह से नही पढा सकते हैं। ऊची आमदनी वाले, पूजीपति लोग तो अपने बच्चों को पढ़ा सकते हैं, लेकिन वह वोटर, वह साधारण वोटर जिस के पास हमें पांच साल के बाद जाना पड़ता है, क्या उसके बच्चे भी उसी शिक्षा को ग्रहण कर रहे हैं। तो हमारे यहां कोई शिक्षा की नीति अभी तक बनी ही नहीं। साधारण जनता को कौन सी शिक्षा मिल रही है, किसान का बेटा कहां पढ़ रहा है, छोटे अल्प आय वाले वर्गों जैसे मजदूर, हरिजन, आदिवासी के बच्चे कहा पढ़ते हैं, इसको सोचने की जरूरत नहीं समझी गई क्योंकि जो पांच साल में एक बार वोट देने वाले लोग हैं उन का दबाव इस तरफ नहीं पड़ा है। तो सवाल यह है कि हम क्या पढ़ा रहे हैं। जो छोटी श्रेणी के लोग हैं, दुर्बल वर्गों के लोग हैं उनको जो शिक्षा दी गई है, अनिवार्य करके अगर कोई शिक्षा दी भी गई है, तो उनको वे ग्रहण नहीं कर पाते और दो चार साल खराब करके अपने घरों को लौट जाते हैं, दो चार साल खराब करके वह अनपढ ही रह जाते हैं। तो इस तरह के शिक्षालय हैं, मदरसे हैं, स्कूल हैं जिन में बच्चे पढ़ कर भी अनपढ़ रहते हैं। इसके बाद कुछ सैकेन्ड्री स्कूल हैं जिनमें शिक्षा का स्तर कुछ ऊचा है लेकिन जहा तक प्राइमरी स्कूलों का सवाल है, हमारे देश में ऐसे बहुत से स्कूल हैं जहा पर न बैठने की व्यवस्था है और न पढ़ाने का ठीक इन्तजाम है। अभी अभी हमारे साथी श्री शंकर दयाल सिंह ने इसपर बहुत जोर दिया है और मैं भी पुनः इस को जोर देकर कहना चाहता हूं कि वे निगलेक्टेड हैं और उनकी परवाह नहीं की गई है। हालाकि यह स्टेट का सब्जेक्ट है, स्टेट का सब्जेकट होने के नाते यह कह दिया जाता है कि शिक्षा आटोनामस बाडीज के हाथ में है, प्राइवेट मैनेजमेंट के हाथ है प्राइवेट मेनेजमेंट वाले जो अपने स्कूल चलाते हैं उनकी मेनेजिग कमेटियों में आपस में झगड़े होते हैं। प्रिंसिपल और मेनेजमेंट में झगडे होते हैं। वे सारा का सारा पैसा सरकार से लेते हैं या अभिभावकों से चंदे की शक्ल में ले लेते हैं लेकिन स्कूलों पर अधिकार उन मेनेजमेंट कमेटियों का होता है। जब घूम फिर कर शिक्षा का सारा खर्चा सरकार पर ही पड़ता है, तो इसे केन्द्रीय विषय क्यों न बनाया जाए जिसकी कि आजकल बड़ी चर्चा है। शिक्षा एक महत्वपूर्ण चीज है। यह एक बुनियादी आवश्यकता है। रोटी, कपड़ा, मकान के बाद पढ़ाई भी

[श्री मुल्की राज सैनी]

एक जरुरी चीज है। पढ़ाई के बाद ही व्यक्ति की आमदनी बढ़ती है, वह अच्छे रोजगार के योग्य बनता है। इसलिए हमें यह देखना जरूरी है कि हम अपने बच्चों को क्या पढ़ा रहे हैं।

उच्च वर्ग के बच्चे चाहे वे कारखाने वाले के हों, चाहे बड़े बड़े अफसरों के हों, चाहे बड़े राजनीति करने वाले लोगों के हों, आम स्कूलों में नहीं पढ़ते। उनके लिए नर्सरी स्कूल हैं, फेंसी स्कूल हैं, पब्लिक स्कूल हैं। 28-29 साल की आजादी के बाद भी शिक्षा अनिवार्य रुप में, प्राथमिक रुप म बच्चों को नही मिल पाई है। कुछ जगहों पर तो अनपढ़ लोगों के बच्चे भी अनपढ़ ही रह जाते हैं। छोटे लोगों के बच्चों को जो शिक्षा मिलती है, उससे वे चपरासी बनते हैं, थोड़े अच्छे हुए तो बाबू बन जाते हैं लेकिन बड़े लोगों के बच्चे जब से पढाई शुरु करते हैं, जब तक नौकरी में आते हैं तब से वे अफसर ही रहते हैं और अफसर बन कर ही नौकरी में लगते हैं। आम आदमी के बच्चों को, उन लोगों के बच्चों को जो बिलो पावर्टी लाइन के अन्दर आते हैं उनको जो आज शिक्षा मिल रही है उससे ऐसा लगता है कि उन्हें छोटे स्तर पर, उसी हालत में रहने पर जिस हालत में वे आज हैं, बांध दिया गया है। उनके बच्चों को जब अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी तो वे चपडासी और बाबू से अच्छी नौकरी भी नहीं पा सकेगें। यह तो एक तरह की मोनोपली हो गयी, एक तरह का एकाधिकार हो गया। मैं सोशलिस्ट पार्टी में रहा हूं मैंने समाजवाद का अध्ययन किया है, लेकिन शिक्षा में एकाधिकारवाद के रहते हुए कैसे समाजवाद लाया जा सकता है। जब व्यक्ति को नौकरी पाने के समान अवसर न हों तो कैसे वह आगे बढ़ सकता है।

यह कहा गया है कि उच्च शिक्षा से बेकार व्यक्तियों की भीड़ बढ़ रही है। इस देश में आज उच्च शिक्षा प्राप्त भी बेकार हैं और कम शिक्षा प्राप्त भी बेकार है। इसका एक ही कारण है कि शिक्षा पाने के बाद एक व्यक्ति में जो आत्म विश्वास होना चाहिए, जो योग्यता होनी चाहिए जिससे वह महसूस कर सके कि यदि उसे नौकरी नहीं मिलेगी तो वह सेल्फ सर्पोर्टेड होकर व्यवसाय कर सकेगा, वह नहीं होता। इसलिए शिक्षा जोब ओरियेन्टेड होनी चाहिए। आज शिक्षा में यह कमी दिखाई देती है कि शिक्षा पाने वाला व्यक्ति व्हाइट कालर जाब चाहता है। वह यह चाहता है कि उसके कपड़ों पर गर्दोगुबार न लगे। वह ऊंचे पैमों की ऊची तन्खवाह की नौकरी चाहता है। हमारी शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो रोजगार देने वाली हो, व्यवसाय देने वाली हो और भारतीय परम्पराओं के अनुसार हो जिससे शिक्षा पाने वाले व्यक्ति में अनुशासन की भावना आए, कर्त्तव्य की भावना आए, मेहनत से जी न चुराने की भावना आए। ऐसी शिक्षा के लिए सिलेबस में तबदिली होनी चाहिए। हमारे देश के ब्रेन ड्रेनिंग की बात भी होती है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं, डाक्टर और इंजीनियर लोग हैं वह बाहर चले जाते हैं। उसके बारे में भी सीरियसली सोचना चाहिए और उनकी शिक्षा में राष्ट्रीय भावना बढ़ानी चाहिए।

वैसे तो मुझे और भी बहुत बातें कहनी हैं, लेकिन चूंकि घंटी बज रही है, मैं हाउस का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता।

इन शब्दों के साथ मैं इस विभाग के अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं।

श्री श्यामा प्रसाद दूबे (भंडारा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए शिक्षा की मदों की मांगों का समर्थन करते हुए कुछ थोड़े से विचार व्यक्त करूंगा।

मुझे ताज्जुब होता है कि जो बड़े बड़े शिक्षाविद हैं, बड़े बड़ नेता हैं, उन्होंने शिक्षा की दिशा में जो काम किया है, उसमें मुझे कुछ थोड़ा कन्फ्यूजन मालूम होता है। यह कहा गया है कि देश बहुत बड़ा है, इसलिए तीन भाषाओं का फ़ार्मूला बनाया गया। अपनी मातृ भाषा , अंग्रेजी और एक देश की भाषा हिन्दी, यह तीनों पढ़नी चाहिए। हमारे जो बड़े बड़े शिक्षाविद है, वह बाहर के देशों मे बहुत घूमते हैं, लकिन मुझे यह समझ मे नही आया कि बड़े देशों में जाकर , ये क्या सिखकर आते हैं।

मुझे एक रुसी विद्वान मिले, बहुत दिनों की बात है, उन दिनों मैं वकालत करता था लेकिन एक रोज मुख्यमंत्री ने मेरी मुलाकात उनसे करा दी। वह कहने लगे कि मैने सुना है कि आप संस्कृत मे बहुत रूचि रखते है। मैंने कहा कि जी हा। उन्होंने कहा कि क्या आप समझते हैं कि संस्कृत आपके देश की भाषा हो सकती है ? मैंने कहा कि मेरा ख्याल हैं कि जितने झगड़े भाषा के बारे में हो रहेहै उस से तो सस्कृत हो जाये। उन्होंने कहा कि आपने इतिहास नही पढ़ा, संस्कृत कभी भी देश की भाषा नही रही है। यह तो उसी तरह की भाषा थी जिस तरह की अंग्रेजी है। जैसे 2, 3 परसैंट, कहा जाता है कि , लोग अंग्रेजी जानते है , उसी तरह से ही कुछ महापंडित थे जो संस्कृत जानते थे। संस्कृत जनता की भाषा कभी नहीं रही। प्राकृत या दूसरी भाषा रही होगी, लकिन यह कभी नहीं रही। उन्होंने कहा कि हमारा देश भी गरीब है, ज्यादा पैसा नहीं है। उस के बगैर एक भाषा को फ़ैलाना है। तो जो भाषा ज्यादा बोली जाती है , उसी भाषा को हम ने राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दे दिया और दूसरी जो भाषाएं थीं, उनकी उन्नति के लिये भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी उतनी ही भाषाओं की विविधता है, जितनी की आपके देश में हैं, शायद और भी ज्यादा हैं, ज्यादा बोली जाती हैं लेकिन हम ने राष्ट्रीय भाषा रशियन कर दी।

मैं यह जानना चाहता हूं कि हमारे देश के बड़े बड़े विद्वान बाहर घूमते रहते हैं, रोज जाते हैं, रूस में भी जाते हैं क्योंकि रूस से हमारी दोस्ती हैं, तो वहां से क्या क्या सीख कर आते हैं ? यह क्यों इतना समय बर्बाद करते हैं कि जहां पर हिन्दी जानी जाती है वहा पर तमिल पढ़ाई जाये? क्या होगा, तमिल पढकर वे लोग क्या करेंगे, यह बात समझ में नही आती है। शायद नौकरियों का झगड़ा आता होगा, तो उनकी भाषा मे परीक्षा ले सकते हैं और साथ में कोई भी देश की भाषा को समझ लें। यह आवश्यक नही है कि वह यह समझे कि अगर हिन्दी भाषा राष्ट्र की भाषा हो जायेगी तो राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों में उनको हिन्दी पढ़नी पड़ेगी और उन्हें दिक्कत होगी। मैं यह कहता हूं कि यह अड़चन तो सीधे तरीके से निकल सकती है। उनकी भाषा में ही उन की परीक्षाएं हों और अगर वह नौकरियों के लिये ऐसा करते हैं। उत्तर प्रदेश मे तमिल पढ़ाई जाये, इस तरह से समय और पैसा बर्बाद किया जाये, इस में हमें कोई तुक समझ में नहीं आती।

तीन भाषा फ़ार्मूला किस तुक से निकाला गया है ? यह एक गरीब देश है, जहां कहते हैं कि छोटे बच्चों को प्राइमरी एजूकेशन नहीं दे सकते हैं, वहां इस तरह पैसा बर्बाद किया जाये कि हिन्दी के साथ तमिल पढो या पंजाबी के साथ और दूसरी प्रान्तीय भाषा पढ़ों, मेरा कहना यह है कि इस में कोई तुक नहीं है।

[श्री ज्वाला प्रसाद दुबे]

इस बारे में नये दृष्टिकोण से सोचने और कोई साहसिक कदम उठाने की जरूरत है। हमारे देश के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि हमारा गरीब देश है और इस लिए हम तीन तीन भाषाएं पढा कर पैसा बर्बाद नहीं कर सकते हैं। देश मे जिस भाषा को ज्यादा लोग बोले और समझ सकते हैं, उस को हम ने राष्ट्र-भाषा के रूप मे चुन लिया है, और देश की जो अन्य भाषायें है, हम उन को पढ़ायेंगे, उन का विकास और उनकी प्रगति करेंगे, आज इस प्रकार का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

15 hrs.

इस विषय मे बड़ा कनफ्यूजन फैला हुआ है। मैं तो एक छोटा सा आदमी हूं। मेरी समझ में नही आता कि मैं इतने बड़े-बड़े विद्वानों को क्या ज्ञान बताऊ। लेकिन अगर साधारण ज्ञान, कामनसेन्स, के दृष्टिकोण से सोचा जाये, तो यह समस्या बहुत सरलता से हल हो सकती है।

यह बात भी बहुत आश्चर्यजनक है कि अंग्रेजों ने हमारे देश में शिक्षा का जो ढाचा बनाया था, आजादी के 28 साल के बाद भी उस में कोई परिवर्तन नही किया गया है। मेरे जमाने मे भी प्रोफेसर भी अंग्रेज होते थे। कोई कोई अमरीकन होते थे। वे अपने दृष्टिकोण से पढ़ाते थे। उदाहरण के लिए इंगलैंड का इतिहास पढाते समय बताया जाता था कि अमुक राजा टेबल पर खाना खाता था और हड्डियां नीचे फेंकता था, या अमुक रानी लहंगा उठा कर चलती थी, ताकि दूसरे देश के लोग उस की बात से सहमत हो जाये। इंगलैंड और अन्य विदेशों का इतिहास इतनी डीटेल में पढ़ाया जाता था। लेकिन स्वतंत्र होने के बाद भी क्या हमारी एजूकेशन मिनिस्ट्री यह कह सकती है कि आज हमारे स्कूल कालिजों में चीन का इतिहास पढ़ाया जाता है? क्या हमारे बड़े बड़े एजूकेशनिस्ट ने यह बात कही है कि आज हमारे स्कूल-कालिजों के करीकुलम में एशिया के विभिन्न देशों के इतिहास को जगह देनी चाहिए? उदाहरण के लिए ईरान का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। चीन एक बहुत बड़ा देश है। जिस क्षेत्र को आज इंडोनेशिया और इंडोचाइना कहा जाता है, एक समय भारतीयों का फैलाव वहा तक था। इसी लिए वहां की संस्कृति को चीन-भारतीय कहा जाता है। लेकिन इन क्षेत्रों के इतिहास का हमें कोई ज्ञान नहीं है।

15.02 hrs.

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair*]

क्या लंका का इतिहास हमने पढ़ा है? रामायण में हम ने पढा होगा कि रामचन्द्र जी ने लंका-विजय की थी। लेकिन क्या उस के बाद का इतिहास हम ने पढ़ा है? आजादी के 28 साल के बाद हमारी शिक्षा में कुछ तो नया दृष्टिकोण, कुछ तो नवीनता आनी चाहिए। हम को एशिया और अपने पड़ोसी देशों के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। हमारे प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी, और विदेश मंत्री, श्री चह्वाण, ने कहा है कि अगल-बगल के देशों के साथ हमारी दोस्ती होनी चाहिए। लेकिन उन के साथ दोस्ती के लिए यह आवश्यक है कि हम उन देशों को समझे, उन के इतिहास, उन के लोगों और उन की भाषाओं को समझे। शिक्षा मंत्रालय ने क्या इन्तजाम किया है कि हम उन देशों के इतिहास, लोगों और भाषाओं को समझे। या वे देश हम को समझे? एक आजाद देश की तरह रहने के लिए हमको अपनी शिक्षा के सम्बन्ध मे एक नया दृष्टिकोण अपनाना पड़ेगा। अब हम को इंगलैंड के किसी राजा या रानी के सम्बन्ध मे छोटी छोटी डीटेल्ज जानने की जरूरत नहीं है। अब हमें अपने पड़ोसी देशो के बारे में जानकारी हासिल करने की जरूरत है।

मेरा अनुरोध है कि मंत्री महोदय भारतीय दृष्टिकोण से शिक्षा-व्यवस्था का फैलाव करें। भाषा के संबंध में वे निडर हो कर लोगों को, और विशेषकर दक्षिण वालों को, समझायें कि इस देश में त्रिभाषा फ़ार्मूला चलाने की क्या आवश्यकता है, उन को क्या कठिनाई है; अगर उनको नौकरियों के सम्बन्ध में कठिनाई है, तो उन की भाषा में परीक्षायें ली जा सकती हैं; इस बात की आवश्यकता नहीं है कि वे हिन्दी में परीक्षा दें, जिस से हिन्दी भाषी लोगों के उन से आगे बढ़ जाने की आशंका हो।

इस विषय पर एक नये दृष्टिकोण से विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे पास साधन कम हैं, जब कि हमारा क्षेत्र इतना विस्तृत है कि हम सब को प्राइमरी शिक्षा भी नही दे पा रहे है।

इन शब्दों के साथ मैं इन अनुदानों का समर्थन करता हूं।

MR. CHAIRMAN: At this stage Shri D. P. Yadav will intervene. Then at 4 O' clock Shri Arvind Netam will intervene. At 5 O' clock the hon. Minister, Prof. S. Nurul Hasan will reply to the debate. So, the hon. Members must get their opportunity and speak in-between these three speeches. This will be the schedule hereafter.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी०पी० यादव) : सभापति महोदय, शिक्षा मंत्रालय की मांग पर शिक्षा मंत्री जी वृहद विवेचन करेंगे मुझे आप ने थोड़ा समय दिया उसके लिये मैं आप को धन्यवाद देता हूं।

माननीय सदस्यों ने युवा शक्ति को रचनात्मक कार्यों में लगाने की बात कही है, उस पर मैं थोड़ी सी चर्चा कर देना चाहता हूं। इस देश में युवक युवतियों की संख्या करीब 9 करोड़ है जिस में 7 करोड़ देहाती होंगे और 2 करोड़ गैर-देहाती या शहरी जिन को कहते हैं वह होंगे। हमें जब कभी भी स्थिति को आंकना है, जब कभी समस्या को देखना है और हमने जब कभी भी देखा है तो इसी नौं करोड़ के परिप्रेक्ष्य में देखा है। कभी भी हम ने दो चार लाख के परिपक्ष्य में नहीं देखा। पिछले पांच साल के दरम्यान शिक्षा मंत्रालय ने बहुत अधिक न किया हो लेकिन एक मोड़ देश की युवा शक्ति को जरूर दिया है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। हम अगर यह चाहें कि सभी को ऐसी शिक्षा दी जाय जिस से कि सभी लोग रोजगार पा जाएं, सभी को नौकरी मिल जायगी तो व्यक्तिगत ढंग से भी मैं इस में विश्वास नही करता हूं। किसी भी देश के लिए चाहे वह तकनीकी दृष्टि से या वैज्ञानिक दृष्टि से कितना भी सम्पन्न क्यों न हो सब को नौकरी दे सकना संभव नहीं हो सकता। युवा शक्ति का उपयोग वहां पर जो पोटेंशियलिटीज है जो स्त्रोत है उनको स्त्रोंतों का किस प्रकार से उपयोग किया जाए, किस तरह से उस का अधिक से अधिक दोहन हो इसी पर निर्भर करता है। इस दिशा में जरूर हम ने एक कदम बढ़ाया है और इस सदन में मैं इस बात को कहना चाहूंगा कि अब हम लोगों का युवा शक्ति के संबंध में जो मंतव्य है वह यह है कि हम उन्हें नौकरी के लिए तैयार न करें, उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने के लिए, हमारे जो पर्याप्त साधन हैं उपलब्ध हैं उन्हीं के अंदर तैयार करें।

आप और हम सभी जानते हैं कि आज भारत देश तकनीकी और विज्ञान के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। आज यह कहना कि केवल वोकेशनल एजूकेशन से, तकनीकी शिक्षा से या कृषि शिक्षा से हमारी समस्या का समाधान हो जायगा मेरी समझ से ठीक नहीं है। हम ने जितने साधन उपलब्ध किए हैं, जितनी संस्थायें बनाई हैं, उसे तो मैं यह कह सकता हूं कि चाहे उस को अंधा

[श्री डी० पी० यादव]

आवा माना जाये लेकिन हमारी संस्थायें बहुत ऊंचे पाये की हैं। किसी भी राष्ट्र के लिए यह गौरव का विषय है कि उस राष्ट्र के जो संस्थान हैं वे किसी भी विदेशी राष्ट्र के संस्थान के बराबर के दर्जे के हों। आज हमारे आइ० आइ० टीज० विश्व के किसी भी संस्थान से टक्कर ले सकते हैं, हमारी मैडिकल संस्थायें किसी भी मेडिकल संस्थाओं से टक्कर ले सकती हैं, हमारे कृषि विश्व-विद्यालय विश्व की किसी भी कृषि विश्व-विद्यालय से टक्कर ले सकती हैं। हम ने इतनी उपलब्धि आज कर ली है और जैसा मैंने कहा कि हम तीसरे दर्जे पर हैं। हमारा जो मंतव्य यह है कि हम युवकों को केवल नौकरी के लिए तैयार नहीं करें बल्कि उन के विचार में परिवर्तन करें। जब तक उन के विचार में परिवर्तन नहीं होगा, उन के अंदर ऐसे मनोभाव नहीं होंगे कि हम गरीबों की मदद करें, हर एक को अपना भाई समझें तब तक हम युवा शक्ति का उपयोग नहीं कर सकेंगे। हमारे मंत्रालय में जो कुछ योजनायें तैयार की गई हैं वह चाहे नेहरू युवक केन्द्र की हो चाहे राष्ट्रीय सेवा योजना हो, उस में हम लोगों ने यह सोचा कि अब इस प्रकार से क्षेत्र-वार, विकास खण्ड-वार, पंचायत-वार और ग्राम-वार स्त्रोतों एवं साधनो का जो एन्डाउमेंट सर्वे होगा उस में युवकों को लगायेंगे। जब तक एन्डाउमेन्ट सर्वे नहीं करते, तब तक वहां के युवक वहीं अपने काम में नहीं लग जाते तब तक हमारा काम नहीं चलेगा। नौकरियां कितनी दी जा सकतीं थीं दी जाती हैं लेकिन नौकरी में कोई बहुत ज्यादा उम्मीद है—ऐसा मैं नहीं समझता हूं।

जहां तक स्त्रोतों की बात है, मैं समझता हूं स्त्रोतों की कमी नहीं है। हमारे पास बैंक्स हैं और दूसरी संस्थायें हैं। मैं अपने क्षेत्र में और दूसरे जिलों में देखता हूं स्माल फार्मर्स डेवलपमेंट एजेन्सीज हैं, कमाण्ड एरिया डेवलपमेंट अथारिटीज हैं, लैण्ड मार्गेज बैंक्स हैं। इस तरह से सारे स्त्रोत हैं। सिंचाई के साधनों को विकसित किया गया है, बिजली काफी मात्रा में दी जा रही है। इन सारे स्त्रोतों के लिए जब तक इंटिग्रेटेड एप्रोच नहीं होगी, जब तक लोगों को समझाया नहीं जायेगा कि यह उनकी सम्पत्ति है जिसका वे सही प्रकार से उपयोग करें तब तक काम चलने वाला नहीं है। इसी तरफ हमने युवा शक्ति को मोड़ने की कोशिश की है। नेहरू युवक केन्द्र के सहयोग से हम युवा नेता प्रशिक्षण कार्यक्रम ले कर चल रहे हैं। आप भी श्रीमन्, नेहरू युवक केन्द्र से सम्बद्ध हैं, आपकी राय भी ली जाती है और हमारे दासमुंशी भी यहां पर हैं जोकि उससे सम्बद्ध हैं। हमने अनुभव किया है कि केवल पढ़े-लिखे लड़कों को ही बड़ी बड़ी संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए भेज दें उससे अधिक लाभ नही होता है। बगैर पढ़े लिखे लड़के भी, जोकि कृषि और उद्योग में लगे हुए हैं, उनको यदि अल्प समय के लिए प्रशिक्षण, मनोभाव बनाने के लिये अर्थात् लीडरशिप कोर्स का प्रशिक्षण दे दें तो वह बड़ा लाभदायक रहता है। अपने जिले में मैंने देखा, कुछ लड़कों को हमने भेजा था पूना में उरलीकंचन और करनाल डेरी डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में, वहां से जब वे लौट कर आये तो आपको आश्चर्य होगा एक लड़के ने शपथ ली कि अब हम खेती ही करेंगे। दो साल पहले उस परिवार की कृषि की आम-दनी से मुश्किल से भरपेट भोजन हो पाता था लेकिन इस बार जब मैं अपने क्षेत्र में गया तो मुझे पता चला कि उस सिम्पुल किसान ने वैज्ञानिक तरीके से दो हजार मन गल्ला केवल एक फसल में पैदा किया। इमीटेशन कहिए या एडाप्शन, उसके माध्यम से उसने यह प्रगति की। तो यह फीचर हमको बहुत अच्छा लगा। सामान्य कालेजों में डिग्री के लिए तीन चार साल के लिए हम लड़कों को भेजें, उसके लिए तो जो हमारे पास स्त्रोत हैं, उसमें करेंगे ही लेकिन हमारा विश्वास

है कि युवकों को अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए और इसके लिए युवक युवतियों का जो प्रशिक्षण हो वह हम इस प्रकार करें जिससे कि उनका मनोबल बढ़े और साथ साथ समन्वय भी हो। राष्ट्र निर्माण के लिए केवल उपज बढ़ाना ही काफी नहीं है, आपस में अपने भावों का क्या आचार-विचार का आदान-प्रदान—इन सभी बातों का भी बड़ा अच्छा असर होता है और इस पर हमारा विश्वास भी है।

हमने एनडाउमेंट की बात कही थी। हमारे यहां पांच आई आई टी हैं जहां बहुत अच्छे प्रोफेसर्स, रीडर्स और लेक्चरर्स हैं। हमारे पास हैदराबाद में कम्यूनिटी डेवलपमेंट सेन्टर हैं। लेकिन मैं समझता हू अब तक हम आई आई टी के छात्रों को और कुछ स्थानीय महाविद्यालय के छात्रों को मिला करके और देहाती लोगों के साथ बिठा करके क्षेत्र-वार कोई सर्वे नहीं करेंगे कि कौन से क्षेत्र में कौन सी फसलों को लेना होगा या इसी तरह से दूसरी बातों को नहीं देखेंगे तब तक हम युवा शक्ति को सही दिशा नहीं दे पायेंगे। इस ओर हमारा सम्मिलित प्रयास होगा और इसकी तरफ हम ध्यान दे रहे हैं।

कुछ लोगों ने बीस सूत्री कार्यक्रम की चर्चा की। विश्वविद्यालयों में जो राष्ट्रीय सेवा योजना है उसमें इस साल हम करीब 10 प्रतिशत लड़कों को लगायेंगे। हमारे पास स्त्रोत्रों की कुछ कमी है जरूर लेकिन फिर भी इस साल 1976—77 में हम ढाई लाख लड़कों को राष्ट्रीय सेवा योजना में लगायेंगे। नेशनल वालंटियर सर्विस स्कीम पर भी हम विचार कर रहे हैं। हम अधिक से अधिक उपाय अपना कर नेशनल सर्विस वालंटियर स्कीम को असली जामा पहनाने की कोशिश करेंगे। बीस-सूत्री कार्यक्रम आर्थिक कार्यक्रम है जिससे हमारे देश की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। केवल भाषण देने से देश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हो सकती है। चाहे कृषि हो, उद्योग हो, व्यापार हो या शिक्षा हो, सारी जगहों पर सारे संस्थानों में हमारे पास जो सामग्री उपलब्ध है, जो प्रशिक्षण के साधन हैं, उनको हम अधिक से अधिक दृढ़ करें। कितने लोगों को हम तैयार करते हैं इसी पर हमारा युवा आन्दोलन निर्भर करता है। इसके लिए हमने काफी प्रयास कर रखे हैं। इस बात का हम आश्वासन देना चाहेंगे कि बहुत ज्यादा निराश होने की आवश्यकता नहीं है, यह देश महान है, इस देश की जनता महान है, युवक और युवतियां महान हैं और एक महान कार्य में लोग लगे हुए हैं। हम आगे बढ़ेंगे—यह हमारा आत्मविश्वास है, पक्का इरादा है, इसमें कोई सन्देह नहीं होना चाहिये।

अन्त में मैं इतना ही कहूंगा कि हम जब तक विचारों में परिवर्तन नहीं करेंगे, शिक्षा में कोई परिवर्तन नहीं आयेगा। शिक्षा में परिवर्तन उसी समय होगा, जब हमारे विचारों में परिवर्तन होगा, विचारों में परिवर्तन उस समय होगा जब गरीबों को गले लगा कर, अपने साथ बैठा कर बराबरी का दर्जा देंगे। यही हमारी शिक्षा का मूल-मंत्र है, राष्ट्रीय चेतना की आधार शिला है, यही बीस सूत्री कार्यक्रम है।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं—आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया।

सभापति महोदय : अभी आपके सोलह सदस्य बोलने बाकी हैं। इसलिये यदि आप चाहते हैं कि सब को मौका मिले तो हर एक सदस्य को पांच मिनट से अधिक समय नहीं लेना चाहिये। बहुत सी बातें जिनको यह कहा जा चुका है, उनको दोहराना नहीं चाहिये।

श्री हरी सिंह (खुर्जा) : माननीय सभापति जी, हम शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग की अनुदान की मांगों के

[श्री हरी सिंह]

सम्बन्ध में चर्चा कर रहे हैं। अभी माननीय मंत्री जी ने एक बहुत अच्छा नक्शा हमारे सामने पेश किया और कहा कि हमारा प्लान जो है, वह उत्थान की तरफ है। मैं मंत्री महोदय से यहां पर थोड़ा डिसएग्री करता हूं— यह केवल प्लान ही नहीं है, बल्कि आपने प्रेक्टिकली किया भी है। आज आप देखते हैं कि एक-एक मील की दूरी पर हाई स्कूल, इन्टरमीडिएट कालिज, डिग्री कालिज खुल गये हैं। सन 1947 से पहले जो विद्यार्थी स्कूलों में पढ़ते थे, उनके मुकाबले आज आठ करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी स्कूल में पढ़ते हैं। यह सब किसने किया ? कांग्रेस सरकार ने किया।

मैं यहां भी मंत्री महोदय की इस बात से डिसएग्री करता कि रोजगार देना इस शिक्षा का लक्ष्य नहीं है। पढ़-लिख कर विद्यार्थी अपने पैरों पर खड़ा हो सके—यह हर शिक्षा का उद्देश्य होता है और मैं आपसे पूछता हूं—आज जितनी इण्डस्ट्रीज हमारे देश में खुली हुई हैं, उनमें काम करने वाले वैज्ञानिक, डाक्टर, इन्जीनियर्स, प्रोफेसर्ज, कहां से आये, हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करके ही वे वहां पर पहुंच सके हैं। हमारी सरकार ने जो नीति इस क्षेत्र में प्रतिपादित की, उस पर रुपया खर्च किया, बड़ी बड़ी शिक्षण संस्थाओं का निर्माण किया— यह सब उसी का परिणाम है कि इतने योग्य व्यक्ति हमें उपलब्ध हो सके। हमारी सरकार शुरू से अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रही है और बड़े पैमाने पर इन कार्यों को करती रही है।

पिछले दिनों हमारी शिक्षा संस्थाओं पर एक संकट सा छा गया था। हर तरफ अनुशासनहीनता फैलती जा रही थी, विद्यार्थी छुरेबाजी और पिस्तौल से अपने मकसद को पूरा करने लगे थे, यह कहा जाने लगा था कि विद्यार्थी बगावत पर उतर आये हैं, तभी हमारी प्रधान मंत्री जी ने एमरजेंसी की घोषणा की, एक दम वातावरण बदल गया। अब विद्यार्थी कितनी शान्ति से पढ़ रहे हैं, परीक्षायें दे रहे हैं। अब मैंने कोई ऐसा समाचार नहीं पढ़ा कि कहीं पर किसी प्रोफेसर ने किसी विद्यार्थी को नकल करते हुए पकड़ा हो तो उस पर स्टेबिंग किया गया हो। इसलिये मेरा कहना है कि हमारे शिक्षा विभाग का जो रुख है, वह हमारे देश की निरन्तर प्रगति की ओर रहा है।

साथ ही मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं—हम भी अंग्रेजों के जमाने में पढ़े हैं, हमें अच्छी तरह से याद है, उस समय कोई विशेष पढ़ाई नहीं होती थी। उस जमाने के मुकाबले आज का विद्यार्थी ज्यादा चतुर है, ज्यादा जागरूक है, वह हर चीज को समझना चाहता है। पहले इम्तिहान दिया और पास हो गये तो क्लर्क बन गये। लेकिन आज का विद्यार्थी अपने प्रोफेसर से बहुत से सवाल पूछता है, सोशलिज्म, समानता, हिन्दुस्तान की राष्ट्रीयता के बारे में पूछता है। उसका मस्तिष्क विकसित है। पहले और आज के विद्यार्थी में जमीन आसमान का अन्तर है।

मैं शिक्षा मंत्री जी से एक बुनियादी सवाल कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में ओपिन यूनिवर्सिटीज होनी चाहियें, जैसा कि इंगलैंड और अमरीका आदि में सब जगह हैं। पहले तो शिक्षा मंत्री जी कह देते हैं कि जल्दी ही ओपिन यूनिवर्सिटी खुल जायगी, लेकिन फिर आ जाता है कि उसमें देर लगेगी मैं कहना चाहता हूं कि जब करोड़ों रु० आप खर्च करते हैं तो कुछ रु० ऐसे लोगों के लिये खर्च करने में क्या दिक्कत है जो कालेज नहीं जा सकते हैं और पढना चाहते हैं, राष्ट्र के लिये उनका ज्ञानवर्धन एक धरोहर होगा, उनको क्यों नहीं आप इम्तिहान में बैठने देते हैं ? ओपिन यूनिवर्सिटी खोलने से आप के सामने कितने रु० का सवाल आयेगा, यह मैं जानना चाहता हूं। इस सवाल पर आपको गम्भीरता से सोचना चाहिये और

जुलाई में घोषणा करनी चाहिये। और अगर आप ओपिन यूनिवर्सिटी नहीं खोल सकते हैं तो जो भी आदमी प्राइवेट तौर पर इम्तहान में बैठना चाहते हैं उनको इजाजत होनी चाहिये।

नेशनल इंटगरेशन की बात हम कहते हैं, लेकिन ऐसी मिसालें इस देश में हैं जो उस धारणा के बिल्कुल विपरीत जाती हैं, जैसे गायकवाड़ यूनीवर्सिटी नान-महाराष्ट्रीयन को मौका नहीं देती। उड़ीसा की यूनिवर्सिटी उड़ीसा के लोगों के अलावा औरों को मौका नहीं देती। दूसरे प्रान्त के लोगों को भर्ती नहीं करते हैं। इसलिये मेरा कहना है कि जब आप नेशनल इंटेगरेशन चाहते हैं तो यह पाबन्दी नहीं होनी चहिये। इसमें कोई खर्चे की भी जरूरत नहीं है, प्राइवेट इम्तहान सब को देने की इजाजत होनी चाहिये। इससे नागरिकों का मानसिक विकास होगा।

हिसाब दसवीं जमात तक पढ़ाया जाता है। उस विषय को तैयार करने में आधा समय लगता है, और आधे समय में अन्य विषय तैयार करता है। तो जब किसी को हिसाब आगे पढ़ना ही नहीं है उनके लिये हिसाब का विषय ओप्शनल होना चाहिये। मदर टंग और इतिहास के अलावा सब विषय ओप्शनल होने चाहियें। मैं विदेशों में नहीं गया, लेकिन मैंने सुना है कि वहां इस तरह की पाबन्दी नहीं है। इसलिये आप को भी हिसाब को ओप्शनल कर देना चाहिये। जिसको इंजीनियर या डाक्टर बनना है वह उसी हिसाब से विषयों का चयन कर ले।

होम साइंस लड़कियों को पढ़ाई जाती हैं। इम्तहान के समय सारा सामान उनको घर से लाना होता है। बेचारा गरीब जो 4, 5 रु० रोज कमाता है, उसकी लडकी कहां से सूजी वगेरह जुटाये? इसलिये मेरा सुझाव है कि जो सामान लडकियों को सामान बनाने के लिये अभी घर से लाना होता है, वह सब सामान उन्हें स्कूल से ही मिलना चाहिये। अंगीठी आदि का घर से लाना प्रेक्टिकल प्रोबलम है। इस पर मंत्री जी को ध्यान देना चाहिये।

सोशल वैलफेयर के लिये आप 66 लाख 50 हजार रु० देते हैं। जो संस्थायें आप से रुपया पाती हैं उनमें से 95 प्रतिशत दिल्ली में ही स्थित हैं। यह रुपया पाती हैं और यही माला वगैरह पहना कर खर्च कर देती हैं। मेरी मांग है कि जो ऐसी संस्थायें देहातों में और जिलों में हैं उनको भी आप रुपया दें। और इस धनराशि को आपको और बढ़ाना चाहिये। आपको इस बात का भी जायजा लेना चाहिये कि वाकई में समाज कल्याण का काम हो रहा है कि नहीं। इसलिये इस रुपये को बढ़ाया जाय और इसका फैलाव सारे देश में होना चाहिये। केवल बम्बई और दिल्ली तक ही सीमित नहीं रखना चाहिये।

समाज कल्याण के लिये दहेज का जिक्र आपने अपनी रिपोर्ट में किया है। मेरा निवेदन है कि यह बात तालीम का एक पार्ट होनी चाहिये और इनीशियल स्टेज पर इसको शुरू कर देना चाहिये कि यह एक ईविल है जिससे बच्चों के दिमाग में शुरू से ही यह आइडिया आ जाय कि यह एक कुप्रथा है और वह इस को शुरू से ही पसन्द नहीं करेगा।

इन शब्दों के साथ मैं इन अनुदानों का समर्थन करता हू।

श्रीमती प्रेमलाबाई चव्हाण (कराड). सभापति जी, आप ने जो मुझे मौका दिया है, उस के लिए आप को बहुत धन्यवाद देती हू।

अभी बतलाया गया है कि शिक्षा मंत्रालय की बातें बहुत दोहराई गई हैं लेकिन फिर भी मुझे कुछ बातों को दोहराना है जिस

[श्रीमती प्रमलाबाई चव्हाण]

से वे अच्छी तरह से जम जाएं और उन पर अमल हो।

शिक्षा मंत्रालय के बारे में सब से बड़ी बात जो कही गई है वह यह है कि सेन्टर को शिक्षा के विषय को अपने अधिकार में लेना चाहिए। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि स्टेट्स में शिक्षा मंत्रालय को जो भी अच्छे कानून हैं या जो भी अमल करने के लिए बात की जाती है, उन पर नीचे के स्तर पर अमल नहीं होता है। इसलिए सेन्टर को अपने अधिकार को बढ़ाना चाहिए और विजिलेंट भी होना चाहिए क्योंकि जो भी अनुदान दिया जाता है या जो भी शिक्षा प्रणाली के लिए बात बताई जाती हैं, उन पर अमल जिस तौर से होना चाहिये, वह नहीं हो पाता है और जो अनुदान दिया जाता है वह सब देहातों तक नही पहुच पाता और शहरों में ही रह जाता है।

अब अगर शिक्षा का साध्य साक्षरता करना है, तो इस के लिए हमें गम्भीरता से सोचना चाहिए। आज शिक्षा पाने के लिए देहातों से लडके शहरों में आते हैं जिस से उन को बडी दिक्कत होती है। अभी जैसे कि इडस्ट्रीज के मामले में हो रहा है कि बड़ी-बड़ी इडस्ट्रीज को देहातो में डिसेन्ट्रेलाइज कर के ले जाएगे उसी तरह से शिक्षा के मामले में भी होना चाहिए। देहात में कालेज बनने चाहिएं ताकि बड़े-बडे शहरों में आने जाने में जो देहात के लड़कों को दिक्कत होती है, वह न हो। शिक्षा के साधन उन को वहीं मिल जाएं। मैं आप को वनस्थली का उदाहरण देती हूं। देहात के स्तर पर कालेज और दूसरी शिक्षा संस्थाएं बनाई जाएं तो उस का पूरा-पूरा लाभ देहात के लोगों को मिल सकेगा और जो शिक्षा का ध्येय है कि देहात तक उस को पहुंचाना चाहिए, वह भी पूरा हो सकेगा।

अब मैं स्त्री शिक्षा के बारे में कुछ कहना चाहती हूं। स्त्रियों को शहरों में शिक्षा पाने के लिए आने में बड़ी दिक्कत हो रही है, जैसे कि हमारे हिली एरियाज हैं जहां अभी तक रास्ते भी नहीं बने हैं, ऐसी जगहों में बच्चों, लड़कों-लड़कियों, को आने में बहुत दिक्कत होती है। हमारे महाराष्ट्र में सात-सात मील से छोटे-छोटे विद्यार्थी बच्चे पढ़ने के लिए आते है क्योंकि उन के आस पास प्रारम्भिक स्कूल की योजना नहीं बनी है। इस ओर शिक्षा मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए। मेरा निवेदन यह है कि जो भी शिक्षा संस्था अब आप बनाएं वे देहाती स्तर पर होनी चाहिए। जो प्राइवेट इंस्टीट्यूशन्स हैं और चेरिटेबिल ट्रस्ट की शिक्षा संस्थाएं हैं उन को तरफ भी थोड़ा सा ध्यान देने की जरूरत है। आज बहुत सी संस्थाए कमशियल बन गई हैं। ऐसी बाते ध्यान में आई हैं कि शिक्षकों को दिया कम जाता है और ज्यादा रकम पर उन के सिगनेचर ले लिये जाते हैं। इस तरह की सम्थाओं को कमशियल नहीं बनने देना चाहिए क्योंकि वे शिक्षा का साध्य नहीं हो सकती। ऐसी बहुत सी संस्थाए हैं और मैं चाहती हू कि उनको नेशनेलाइज किया जाए। अगर ऐसा किया गया तो सब को बड़ा लाभ होगा।

शिक्षकों के बारे में अभी-अभी कई सदस्यों ने प्रकाश डाला है कि शिक्षकों से शिक्षा के बजाय और भी दूसरे काम लिये जाते हैं जैसे कि फैमिली प्लानिंग का काम उनसे लिया जा रहा है। अभी गये महीने में ऐसी बात हो गई कि शिक्षकों के लिये एक टारगेट रखा गया कि एक दिन में या महीने में उन्हें फैमिली प्लानिंग के इतने केसज लाने चाहियें। उसी महीने में परीक्षाएं भी थीं और उसी के बीच में उन्हें इस तरह के केसेज लाने के लिये बाहर भी घूमना पड़ा। इसका बहुत बुरा असर पड़ा है। उन के अपने बच्चों के भी इम्तहान थे लेकिन उन को इस में कोई रियायत नहीं मिली और उनका इसमें

बहुत टाइम व्यय हुआ है । शिक्षकों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, , मेरा सुझाव है कि उन से शिक्षा के अलावा और कोई दूसरा काम नहीं लेना चाहिये ।

बहुत बार ऐसा कहा जाता है कि शिक्षा के लिए जितना बजट मंजूर किया जाता है, वह कम पड़ता है । बात तो सही है अपने देश में आबादी बहुत होने से कितना भी बजट बढ़ाये, तब भी वह कम पड़ेगा लेकिन ऐसा सुझाव है कि ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री की सहायता लेकर उनकी को-आपरेशन से रेडियो और टी० वी० को जो शिक्षा का माध्यम बनाया गया है, उस से शिक्षा मंत्रालय का खर्च बचेगा और मुझे बहुत आशा है कि उस से शिक्षा देने में भी कुछ बढ़ावा मिलेगा । मैं यह देखती हूं कि देहातों में जब डाक्युमेंटरी दिखाई जाती है तो उन के मनोरंजन के द्वारा बहुत से उद्देश्य भी सफल हो जाते हैं । अनपढ़ लोग भी इन से शिक्षा पा लेते हैं और जो हमारा ध्येय है वह भी मनोरंजन के द्वारा उन के गले उतर जाता है । इसलिये इसका बजट न बढ़ाते हुए, दूसरी मिनिस्ट्री से सहायता लेकर अपने साध्य को अपना सकते हैं ।

क्रमिक पुस्तको के बारे में मुझे यह सुझाव देना है कि इन दिनो में इनकी बहुत संख्या बढ़ गई है । बच्चो की ग्रास्पिंग पावर के बाहर हो गया है । मेरा सुझाव है कि उस के लिये एक छोटी सी कमेटी बनाकर उसकी जांच-पड़ताल की जाये ताकि ये क्रमिक पुस्तकें न बढ़े । आपको याद होगा कि पहले जो बहुत बड़े विद्वान अपने देश में थे, उस समय में इतनी किताबें नहीं रखी जाती थी । मैं तीन-भाषाओं की जो बात है उससे सहमत हूं, वह भी अच्छा सुझाव है, लेकिन क्रमिक पुस्तको के बढ़ने से उद्देश्य सिद्ध नहीं हो सकता है । बारबार जो पुस्तकें बदली जाती हैं, उस से भी बच्चों को पढ़ने में बहुत दिक्कत होती है और उनका मेंटल प्रेशर बढ़ जाता है । मेरा ख्याल है कि जांच-पड़ताल कर के क्रमिक पुस्तकों का स्तर बढ़ाकर उनकी संख्या में थोड़ी कमी की जाये तो उस से नुकसान नहीं हो सकता है ।

अंग्रेजी का प्रभाव अभी भी अपने देश में काफी है । कन्वेंट स्कूल अपने देश में बहुत बढ़ रहे हैं और प्रभाव बढ़ाने के साधन भी उन के अलग-अलग है । बड़े शहरों में बहुत बड़ी तादाद में कान्वेंट स्कूलों का प्रचार अभी तक जारी है । एक्स-कन्वेंट स्कूलो को रन करने में जितना पैसा खर्च हो रहा है उस में मध्यम स्तर के हमारे बहुत से स्कूल चल रहे हैं । हम जो देहात में शिक्षा को ले जाना चाहते है, इससे हम बहुत से स्कूल वहां बना सकते है ।

हमारे देश में होस्टलों की बहुत कमी है । मुझे ऐसे बहुत से स्कूल्स के बारे में मालूम हैं जहां कि बच्चे एक टाइम की रोटी बांधकर ले जाते हैं और 10, 10 मील दूर जाते है । बच्चे किराये के कमरे लेकर रहते है और 100-100 रुपया किराया एक कमरे का उन को देना पड़ता है और ऐसे कमरे में 10, 10 बच्चे रहते हैं । उन को वहां शिक्षा पाने में बहुत दिक्कत होती है । कुछ भी इन्तजाम कर के होस्टल्स को बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिये ।

आखिरी प्वाइन्ट में यह कहना चाहती हूं कि खेल-कूद का जो स्कालरशिप है, वह प्राइमरी स्तर पर नहीं है । मंत्री जी की एक कमेटी में होने के कारण मैंने बारबार उन्हें याद दिलायी है, लेकिन अभी तक उस पर अमल नहीं हुआ है । बच्चो की तन्दुरुस्ती के लिये और खेल कूद में उनको सहूलियत देने के लिये यह जरूरी है । इससे जहां उनकी तंदरुस्ती बढ़ेगी वहां बचपन से ही जो स्पोर्ट्समैनशिप उन में पैदा होनी चाहिये वह भी हो जायेगी ।

[श्रीमती प्रमलाबाई चव्हाण]

मंत्री जी का और मंत्रालय का काम गये साल मे बहुत अच्छा हुआ है, इस लिये उन्हें बधाई देते हुए इन शब्दों के साथ में अपना भाषण समाप्त करती हूं।

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands of the Ministry of Education, Social Welfare and Culture. I have always stood for certain values. Education has always been a moving spirit in the re-construction of the nation. In all the developing countries of the world, the national leaders have always been the students of the universities. Educated men are like drivers of a bus who can see farther away than the driver of the car. I have always pleaded that there should be uniformity in education. Education should be within the easy reach of everybody. I say this because there are a number of public schools; and everybody cannot afford to get public school education. There should be compulsory education up to the age of 14; and the boys and girls, regardless of caste, creed or religion, should be screened and provided all help. Equal opportunities should be given to all sections of the community. Education is the greatest instrument for national integration. It is the greatest force behind the 20-point programme of our Prime Minister. Educational institutions are like workshops where characters are built and minds are moulded. We want men of character. Therefore, education in our schools should aim at developing character. I have to point out that our country's educational system has always been governed by trial and error We find that changes are made frequently. We had the I.A., B.A., M.A. as also I.Sc., B.Sc., and M.S. Then, a few vice-chancellors of this country went to Oxford. There, they saw that that country had the General Certificate of Education and General Certificate of Education (Advanced). They came back to India and introduced what are called the secondary, higher secondary and the pre-University systems. There should be a national system of education; and the standard should be more or less the same. There is still another system in the offing, called the 10+2+3 pattern. This is also another trial and error method. How long can we go on, by this trial and error method? There should be a consistent system of education, right from the primary stage It is not just like picking up a flower from one bush and leaves from another, and expecting the combination to grow into a living plant. It does not work that way. Perhaps you are aware that in Bihar, there was a thing called PWE, It meant "Pass without English." You can go on passing without English. It was later converted, in our State, into what was called "Pass without Examination", i.e. PWE If there is no uniform standard of education, it will be difficult for students of a university in one State to get admission in a university in another State, or within the same State. There is also a proposal to hold the UPSC examinations in regional languages. I am afraid that with the present fabric of national character based on provincialism and regionalism, it will have a retarding effect on our national efforts, because if Tamil is supposed to be the medium of examination, then a Tamil examiner will always be interested in having the maximum in-take from Tamil Nadu. Similarly, Bengalis will prefer Bengalis, Oriyas will prefer Oriyas, Gujaratis will prefer Gujaratis and so on. Obviously, it will mean a reduction of standard There cannot be any uniform standard. If we try to think in a rational way, there will be a balkanisation and all our small States will be like small East European countries. Therefore, this needs re-thinking and very serious re-thinking.

Again, in the light of the 20-point Economic Programme of our Prime Minister, in which the maximum emphasis has been laid on the development of the weaker sections of the society, I would like to know the proposals of the Ministry of Education in this direction for the Scheduled Castes and Tribes. Have they brought vocational and technical education in the unchartered field of training within the easy reach of the Scheduled Castes and Tribes? What we know and we find in practise is, there are certain sectors where the Scheduled Castes and Tribes are not at all trained, and although the posts are always invariably reserved for Scheduled Castes and Tribes, they finally report that no-candidate from the Scheduled Caste or Tribe has emerged. The Education Ministry, therefore, will have to seriously think of having training of Scheduled Castes and Tribes and, for that matter, of the weaker sections of the society and the community as a whole in different unchartered fields of training

Even where candidates belonging to the Scheduled Castes and Tribes are available in abundance, they report that no suitable candidate is available. That is why I again plead that there should be uniform standard of education throughout the country, in all the universities and in all the States. Then, if possible, education should be made a Central subject.

With these words, I support these Demands for Grants

SHRI PRIYA RANJAN DAS MUNSI (Calcutta-South): Mr. Chairman, I support the Demands. I will restrict my speech to the Department of Sports only. But, before I deal with the subject of sports, I would like to draw the attention of the Education Minister to two points, one of which relates to the Ministry of Education and the other to the Department of Culture.

To commemorate the memory of a great scientist of our country, the late Professor Satyen Bose, who is no more with us, an Institute has been formed in Calcutta. I think the Education Minister is well aware of the fact that, in spite of the formation of this Institute, sufficient funds have not been allotted to it, either by the UGC or the Central Government, to run that institution in a manner which was the dream of the late Professor Satyen Bose. I wish and hope that the Education Minister will take note of it.

Coming to the Sahitya Akademi, I want to refer to the great Sarat Chandra Chatterjee, the famous novelist. Once I spoke in this Parliament, requesting the publication of his writings in almost all the regional languages in the country, so that the people will be able to know Sarat Chandra Chatterjee and his concept intimately. Specially these days his writings are very important. They help us to know so many problems of our society and to know more accurately the Indian villages, specially the Bengali villages, and the Indian society as a whole, in today's context.

Having made these two requests, I will now deal with the subject of Sports are not seriously watching one of us in our country. We are a country with 1/15 of the population of the world, a country which is well advanced in science, technology and electronics, a country which is under the leadership of our beloved Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi who is well-known throughout the world. Yet, I am very sorry to note that the standard of sports in our country is not only gloomy but we are losing very fast in all international forums, and possibly a time is coming, perhaps it has already come, when if the Government do not take care of it, the name of India in the international sports events will be completely wiped out.

[Shri Priya Ranjan Das Munsi]

Hockey is the only game in which we had the world standard in the Olympics, and even there we have started losing. Since the last Olympic at Amsterdam, all the European countries, including Holland, have developed very good skill and technique in this game and they can even challenge India at any moment. This is the only game in which we have been proud to represent our country as champions in the world.

In volley ball, we have lost even the Asian standards. So far as swimming is concerned, our record is still high in the world, but I am sorry to say that in the Asian games and international forums, and possibly a time is very fast.

Regarding the standard of cricket, you must have been noticing the events of the last five years. The Indian cricket team only plays well when they do not have to face fast bowling. Where they have to face it, they do not exhibit the performance expected of them. West Indies, which was once glorious in cricket, had to face serious disaster at the hands of Australia, and they seriously collapsed. It is a fact that in Sabina Park they used bouncers and bumpers which may not be suitable to us, but it is also a fact that the Indian Cricket Control Board and the Ministry of sports, which is a sad picture for all important thing, namely the fact that we are not developing our own fast bowlers.

Indian cricket, which started from the palaces of Maharajas and aristocrats, has now become a mass event, and if we have to face West Indies and other teams, we have to search for fast bowlers. I had a detailed talk with the West Indies cricketeers when they came here as to how they get their fast bowlers. You will be surprised to know that they come from the remote villages without having any family background. Only, they have good health and physique. In India there are many tribal areas in Nagaland, Arunachal Pradesh, Sikkim, Meghalaya etc., but in the last 15 years not a single cricketear has come from those places. If you can get people from these areas, I can say with confidence that the Indian standard of fast bowling can be improved as these people have the necessary health and physique. I wish the enthusiastic young Minister of State will take the matter seriously and look into it. I had a talk with the youth of Meghalaya, Arunachal Pradesh and other areas, and they also say the same thing. There are young people, but they do not know that they have a role to play in the national context of sports. They are coming up in other departments of sports, but not yet in cricket.

Our standard of football since 1964 has not been of the world class. After the 1964 Olympics, India was not even able to play and cross the pre-Olympic hurdles. It is a sad picture. Indian football previously was at least able to participate in the "A", "B" and "C" groups, but later it was defeated even in the Asian games. This year also our performance has been poor.

Football is also no more a game of the aristocrats, but of the masses. Even the villagers and the urban people play it. The character of football, since the British days, was identified with our freedom struggle. When in 1905 Curzon partitioned Bengal, the footballers of Calcutta took a vow that they would defeat the British. The British used to play according to their own whims and the referees used to favour them, but the national spirit asserted itself and the Mohan Bagan team of Calcutta in 1911 for the first time defeated the British team and got the IAF shield from the hands of the Britishers. And on that result, you know, the revered S. K. Chaudhary and great leaders of freedom movement said that the flag

of Mohan Bagan Club and the victory of Mohan Bagan Club will, ultimately, vindicate the victory of Indian people against British. This was the identification of football in our national event. That football now has become a state of affairs which cannot be spoken of outside India.

I request the hon. Minister to consider some of my suggestions. I have written a letter to our President, Shri Fakhruddin Ali Ahmed, and I am glad, in his own wisdom, since he is intersted in sports, he has tried to emphasize on the Ministry of Education to do something about it. I am glad, he is still taking keen interest in that.

Why do we lose our standard in football? In Merdeka Olympic which is played in Malaysia, every year, on their Independence Day, in that game also, for the last three years, we are losing our performance, simply for two reasons. Firstly, while the team is selected the team is scheduled to go to places for the games within 1 month to 1-1/2 months and, secondly, when the team is selected, at that time, most of the national players of our country participate and play in all the games and matches throughout the country. When they are called to Delhi, Bombay or Madras, they get tired and fed up They have no coordination and combination among themselves. They are suddenly picked up and sent to Merdeka as a result of which they cannot play there well.

I think, the Minister of Sports will agree that Merdeka players are selected at a time when important football tournaments are going on in the country and the first-division players do not like to take interest in Merdeka Olympic games because their prospects and their livelihood depend on how they serve their clubs and tournaments in the country. If they do not show their good performance in their clubs and tournaments and win trophies, they cannot earn their bread.

So, they prefer not to represent Indian team outside but to play within India, in their respective clubs and tournaments. That is one important feature of it.

I gave one suggestion. There are good players of the country from amongst juniors and seniors. They have got some limitations. Some of them are employed and some of them are unemployed. My suggestion is, if the Government proposes a plan that these hundred players are required to represent the country and, after four years in the case of Olympic games or two or three years in the case of Asian games, from this day, if the Government recruits those players and keeps them in coaching centres, making a promise to them that their jobs will be protected, that their service security aspect will be looked after by the Government, I can tell you that Indian football even now can play a better performance. I have talked to many players. They say, "How can we go? If we go and come back late, our promotions will be delayed." Some of them say, "How can I go? If I go, I will lose my interview in some other Department. My job will be sealed." So, it is the duty of the Ministry of Education to look after their prospects.

Do you know how much a country like ours, big in nature, is spending on sports as compared to other developing nations? I am quoting some figures. You will be surprised to know that. For giving help to the Associations, e.g., Lawn Tennis Association for tennis, Football Federation for football, Volley Ball Federation for volley ball, for all these things, the Government is spending from the Central sector an amount which is so meagre that other countries will laugh at. To the Sports Federation, in 1973-74, the assistance given was Rs. 11.90 lakhs; in 1974-75, it was Rs. 8.28 lakhs and in 1975-76, it was Rs. 51.95 lakhs, that too possibly because of Merdeka Olympics.

[Shri Priya Ranjan Das Munsi]

I would now like to say about tiffin. What is the ration of a C.R.P. constable while he is on duty? It is not less than Rs. 8 a day. What is the ration of a musician while he gives a musical performance in the Song and Drama Division? Not less than Rs. 7 a day. What is the ration of a jawan in the Army? Not less than Rs. 10 a day. What is the ration of a pilot for his lunch? Not less than Rs. 25. You will be surprised to know that footballers who go to represent India outside and athletes, during their coaching and training, get food less than Rs. 10 per day and juniors get less than Rs. 6 per day. That is what is going on in the country. Who looks after it? Is it not the responsibility of the Government to take care of these things? Is it not the duty of the Minister in charge of Sports. You are talking of getting over the youth problems of the country. I can tell you that if you spend on sports one-fourth the amount which you spend on Police for tackling the law-and-order problem in big cities like Calcutta, Madras and Delhi, three-fourths of the law-and-order problem will cease. No young man will take interest in stoning buses if he has some other good job. I know it from my own experience. Now in this period of Emergency, Government is equipped with many laws and ordinances; why don't you involve the youth of the country in constructive things like sports in the rural areas? In every village there is a pond and there are rivers, and they can have swimming. There can be swimming competition in every village.

Now, recently a Bill was passed by parliament for distribution of vacant land. There can be one piece of land in every city at the Taluka level for sports, but there is no such arrangement. Your provision is Rs. 50,000 to improve play-grounds in the districts, towns and urban areas. If you take the reports from the States, you will find that in no State they are spending Rs. 50,000 in the districts to improve the playgrounds. In your own district, you are a Member and I am one in mine; I find that this has been done in very few cases. Please don't neglect this department. Sports has become a subject in this country which is not discussed in Parliament, which is not discussed in the Government, which is not discussed anywhere. You talk of promotion of youth character and building up youth energy in the country; how will it be possible? If you go to a country like Japan, you will find that sports is a compulsory subject there in every school and they are given scholarships. Meritorious students get a scholarship of Rs. 300 to Rs. 400 per month whereas here the scholarship for sports talent is Rs. 100 per month and other scholarships are Rs. 600 per year or even Rs. 300 per year.

If a school-boy spends all the energies on foot-ball or volley-ball or swimming and dreams of representing the country one day at the Olympics and becoming a gold medallist, how can he survive and maintain himself, leaving his family and staying away? In most cases, boys who take to foot-ball, cricket, volley-ball etc. are treated by their guardians as spoilt chaps unless they themselves have affiliations with sports and other things. These so-called spoilt chaps are given a scholarship of only Rs. 50 per month or even Rs. 300 per year. Is this a good thing and is it enough for representing the Indian standard of sports and the Indian youth character outside the country? Why don't you fight it out with the Planning Commission? You can fight; you can argu in a scientific and logical way and the whole Parliament will support you and the country will support you.

Now, coming to Associations and Federations, I agree with the Minister that there are politics inside them and they don't promote sports. The Gov-

ernment of India's Council of Sports has taken a very bold step in this regard and has changed the leadership of the past. But again there is some game going on. Your guidelines which were imposed on the Foot-ball and Volley-ball and Amateur Athletic Federations were fruitful. But your task was not completed. The leadership, of the Federation, just before its term came to an end, hurriedly held a meeting and got itself elected again. What have you done in that case? This preferential treatment must be stopped. I have all admiration for Shri O. P. Mehra who is on the IOA. He is a great man interested in sports. But I find a peculiar thing going on in the country for the last 25 years. In the Indian Olympic Union, the man at the helm should be a retired man either from the Police or the Army; it is not a person who has dedicated his whole life for sports. He is probably taken in in his administrative capacity. I do not say that they are not capable. They are capable. What I say is that there are other capable people also whom you do not look at. The Chairmanship of the Sports Council or the Olympic Association should not be a sort of decoration by the Government as putting somebody as Ambassador or Governor. It is a post which calls for dedication, concentration and past experience; then only, the sports movement of the country can be properly built.

16 hrs.

I would request the hon. Minister to call a meeting of the State Sports Ministers and impress on them that they should utilise the money of the Government in time—what little sanctions you give.

I conclude with an appeal to the Minister not to let down football in this country. It is a very popular game in my State, specially in my constituency. Without a stadium, for the last so many years, we have been playing football there.

We performed very well in the World Table Tennis in the last year.

I make this appeal to him: please do something for the Asian Games to be held in our country; let India be the host and let the venue be Calcutta.

श्री शिवनाथ (झुंझुनू): सभापति जी, शिक्षा मंत्रालय का देश के लिए बहुत बड़ा उत्तरदायित्व है और कुछ अंशों में इसे मंत्रालय ने निभाया भी है। जहां तक शिक्षा के प्रसार का संबंध है, शिक्षा मंत्रालय ने आजादी के 25, 26 सालों में काफ़ी बड़ा काम किया है लेकिन हमें यह सोचना पड़ता है कि क्या शिक्षा का जो विस्तार हुआ है, उसे गुणों के आधार पर उचित ठहराया जा सकता है।

मैं आप से निवेदन करना चाहूंगा कि इन 25, 26 सालों मे हम ने शिक्षा की तरफ़ विशेष ध्यान दिया है लेकिन वह एकतरफ़ा रहा है। आज भी हमारे देश के देहात उपेक्षित हैं। हम कह सकते हैं कि वहां हमने प्राइमरी शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और हायर-सैकेन्डरी शिक्षा के स्कूल खोल दिये हैं, लेकिन कालेज का किसी देहात में नाम तक नहीं है। कुछ म्यूनिसिपल टाउन्स में कालेज खुले हैं लेकिन वहां भी जो खुले हैं उन की अजीब स्थिति है। शहरों के स्कूलों में तो अच्छे अध्यापक मिलेंगे और अच्छी बिल्डिंगे मिलेंगी, लेकिन देहात के स्कूलों में बिल्डिंगें बनाने के लिए गांव वालों को मेहनत करनी पड़ती है, गांव वालों को मकान बना कर देना पड़ता है, तब कही जा कर स्कूल खुलते हैं। दूसरी बात यह है कि वहां पर ऐसे अध्यापकों को भेजा जाता है जिन को विभाग को दंड देना होता है। दंड के रूप में उन को वहा भेज दिया जाता है और उन अध्यापकों के रहने के लिए स्थान नहीं है। वहां पर बच्चे तीन, चार मील से आते हैं और इस तरह के वातावरण में पढते हैं। अब आप सोच सकते हैं कि ऐसे स्कूलों के बच्चे

[श्री शिवनाथ सिंह]

उन स्कूलों के बच्चों से जो कि पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं, वेल-मेन्टेंड स्कूलों में शहरों में पढ़ते हैं, कम्पीटीशन में कैसे ठहर सकते हैं। आज भी वे स्कूल उपेक्षित हैं। मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस ओर ध्यान दें हालांकि वे कह सकते हैं कि यह स्टेट का विषय है। मेरी राय में यह स्टेट का विषय रहना भी चाहिए लेकिन दिशा-निर्देश केन्द्र के हाथ में रहना चाहिये। आज तक केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोई भी स्पष्ट दिशा-निर्देश राज्यों को दिया नहीं है। आज हम देखते हैं कि जो भी दिशा-निर्देश एग्रीकल्चर के मामले में, फैमिली प्लानिंग के मामले में और किसी भी दूसरे मामले में केन्द्रीय सरकार की ओर से राज्य सरकारों को दिये गये हैं, उन को उन्होंने माना है, लेकिन हमारे शिक्षा मंत्रालय के साथ यह दुर्भाग्य है कि इनकी तरफ़ से कोई भी स्पष्ट निर्देश नही दिया गया है। कई कमीशन बठे, कई कमेटियां बैठीं और उनकी रिपोर्टें स्टेट्स के पास डिस्कशन के लिए भेज दी गईं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इन पर केन्द्र को निर्णय लेने चाहिए थे और उस के बाद स्पष्ट शब्दों में राज्यों को निर्देश जाने चाहिए थे। अगर ऐसा होता तो स्टेट गवर्नमेंट्स की हिम्मत नही है कि वे उन को न मानती। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि स्पष्ट निर्देश सेन्टर को देने चाहिए और देहातों की ओर जो उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है, उन की तरफ़ ध्यान दिया जाए।

इसी सम्बन्ध में दूसरी बात में यह निवेदन करना चाहूंगा —दूसरे प्रान्तों के लिए मैं ऐसा नहीं कह सकता लेकिन अपने प्रान्त के लिए कह सकता हूं—कि अधिकतर शिक्षा संस्थाएं प्राइवेट हैंड्स में हैं किन उनके हैंड्स में होते हुए भी सरकार से उन को 80, 85 प्रतिशत ग्रान्ट मिलती है। होता क्या है कि उन संस्थाओं में वे लोग अपनी मर्जी के मुताबिक अध्यापक को रखते हैं और निकाल देते हैं और उस को पूरी तन्ख्वाह भी नहीं देते हैं। किसी भी अध्यापक ने कुछ किया, तो उस को निकालने की वे चेष्टा करते हैं और स्टेट गवर्नमेंट अगर कुछ इन्टरफियर करती है, तो उस के आदेशों को नहीं मानते और कहते हैं कि इन स्कूलों को हम नहीं चला सकते, आप ले लिजिए। अगर प्रान्तीय सरकार सब स्कूलों को ले ले, तो अच्छा होगा लेकिन जब तक नहीं लेती हैं, तो केन्द्रीय सरकार को इस प्रकार का इन्तजाम करना चाहिए कि जिन ट्रस्टों के माध्यम से वे शिक्षण संस्थाएं चलती हैं, और वे किसी भी स्कूल को बन्द करना चाहते हैं और प्रान्तीय सरकार के आदेशों को नहीं मानते हैं, तो ऐसे ट्रस्टों को टेक ओवर कर लेना चाहिए। उस ट्रस्ट को टेक ओवर करने का कानून बन गया तो कोई भी प्राइवेट स्कूल का मालिक किसी अध्यापक को नहीं निकालेगा, स्कूल को बंद करने की धमकी भी नहीं देगा। यह अधिकार केन्द्र के हाथ में होना चाहिए। जितने भी प्राइवेट स्कूल चलते हैं, उनके ट्रस्ट अलग अलग प्रांतों में होते हैं। राज्य सरकार अपने प्रांत के ट्रस्ट पर अपने कानून से नियंत्रण कर सकती है लेकिन दूसरे प्रात के ट्रस्ट पर उसका नियंत्रण नहीं हो सकता। इसलिए केन्द्रीय सरकार ऐसा कानून बना कर अपने हाथ में इस अधिकार को ले। किसी भी समय कोई भी प्राइवेट स्कूल का ओनर यदि कहता है कि वह स्कूल को नहीं चला सकता हैं तो राज्य सरकार को, डायरेक्टर आफ एजूकेशन को, उस ट्रस्ट को ले लेना चाहिए। वरना वे लोग मजबूरी खड़ी कर देते हैं कि हम इस संस्था को चलाने में असमर्थ हैं, आप चला लीजिए।

माननीय सभापति जी सेंट्रल स्कूल आपके चलते हैं। मैं यह मानता हूं कि आपके कुछ ऐसे संस्थान हैं जिनमें लोगबाग विभिन्न प्रांतों में, देश के विभिन्न भागों से नौकरी करते हैं। उनके बच्चों को अलग अलग प्रातो में एक ही पेटर्न से शिक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन उनमें दाखिला आप उन्ही लोगो तक सीमित न रखें जो उन सस्थान में नौकरी करते हैं। आपके इस प्रकार के स्कूल हैं जिनमें एडमीशन उन्ही सस्थान के लोगों को मिलता है जो उनमें नौकरी करते हैं, आस पास के लोगो के बच्चो को उससे कोई फायदा नही होता। ऐसा मैं एक मामला माननीय मत्री जी की जानकारी मे लाया हू। मैं खासतौर से खेत्री के लिए कहना चाहता हू। वहा पर आपका कापर काम्प्लेक्स है। वहा पर सेन्ट्रल स्कूल भी है। सेन्ट्रल स्कूल पर आप रुपया खर्च करते हैं। उस पर आपका इतजाम होना चाहिए। लेकिन वह वहा के मैनेजमेट की बपौती है। मैनेजमेंट जिस बच्चे को चाहे उसे एडमीशन मिलता है, जिसको वह न चाहे उसको एडमीशन नही मिलता है। मैने आपको इस सम्बन्ध मे पत्र लिखा लेकिन इसका कोई निराकरण नही हो पाया है। खेत्री की बात मैंने उदाहरण के रूप मे कही। इस प्रकार की शिक्षण सस्थाए और भी हैं, सेन्ट्रल स्कूल हैं जिनमें आसपास के बच्चो को भर्ती नही किया जाता। इन स्कूलों में मेरिट के आधार पर आप बच्चो को भर्ती कीजिए। जो बच्चा मेरिट पर आ जाता है उसे आप इन स्कूलों मे एडमिशन दीजिए। यह न हो कि उन्ही के बच्चों को प्रेफ्रेंस मिले, आसपास के बच्चो को कोई एडमीशन नही मिले।

माननीय सभापति जी, यूथ के सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा गया है। आज तक हमारा दृष्टिकोण और आपके मंत्रालय के यूथ के सम्बन्ध में जो कार्यक्रम हैं उनमें भी हमारा दृष्टिकोण यूथ के सम्बन्ध में बहुत ही सीमित रहा है। यूथ हमने उसी को माना है जो पढ़ा लिखा हो, अंग्रेजी बोल सकता है, लम्बे बाल रख सकता है और खास तरह की पेंट पहनता हो। उन्हीं के लिए हमने कार्यक्रम दिए। आज तक आपने रूरल यूथ के लिए कोई कार्यक्रम नही दिया। अगर आप रूरल यूथ को नेगलेक्ट करेंगे उन्हे यूथ की डेफीनीशन मे नही लाएगे तो आपसे बहुत बडी गल्ती होने वाली है। आप पढे लिखे लडको को भी कार्यक्रम दीजिए। इसके साथ ही रूरल यूथको भी कार्यक्रम दीजिए। यह कहा जाता कि यदि यूथ के लिए स्वीमिंग पूल नही होगा, दौडने के लिए स्थान नही होगा तो वे पत्थर फेंकने लगेंगे। मैं इस थ्योरी को नही मानता। आप उन्हे ये चीजे भी दीजिए लेकिन जो रूरल यूथ है उसको भी यूथ की डेफीनीशन में लाइए। आपके जो भी कार्यक्रम हैं, चाहे बीस सूत्री कार्यक्रम है और दूसरे कार्यक्रम है, उनमे जितना रूरल यूथ दिलचस्पी ले रहा है, आपका पढा लिखा यूथ उतनी दिलचस्पी से काम नही कर पा रहा है। उसकी ताकत का उपयोग आप कीजिए और उसे भी कार्यक्रम दीजिए।

माननीय सभापति जी, सोशल वेल्फेयर की एक पुस्तिका प्रकाशित हुई है जिसमे कार्यक्रमो के हजारो नाम दे रखे है। भारत सेवक समाज एक अंग है, और भी अंग बन गए हैं। सब आइटम आपने दे दिए है। लेकिन जब उनके नतीजे आते हैं तो बिल्कुल जीरो होते है। इसलिए आप इतने कार्यक्रम मत रखिए। कार्यक्रम थोड़े से रखिए। जिनके रिजल्ट्स हमारे सामने

[श्री शिवनाथ सिंह]

आयें। जनता के सामने आय। सोशल वेल्फेयर में इस प्रकार से इतने कार्यक्रम रखने से और उनके लिए हजार, पांच सौ या लाख-दो-लाख रुपया देने से कोई रिजल्ट सामने नहीं आता। इन एक्टीविटीज को सीमित करिए और उनके रिजल्ट हमारे सामने लाइए।

एक बात मैं और निवेदन करना चाहूंगा। प्राइवेट स्कूलों में जो बच्चे पढ़ते हैं, उनके लिए आपने दलिया दिया और तेल दिया। आपने उसकी व्यवस्था क्या की। स्कूल का मास्टर पाकाएगा, बच्चे अपने घर से पकाने के लिए सामान लायेंगे। पकाने के लिए बर्तन हैं, न खाने के के लिए चम्मच हैं। दिन भर वह दलिया पकाते हैं और बच्चों को खिलाते रहते है। तो यह जो कार्यक्रम आपने दिया है, हो सकता है कि कई जगह दिक्कत होने की वजह से किया हो, लेकिन बहुत से प्रांत ऐसे हैं जहां ऐसे स्वस्थ बच्चे हैं जो कि स्कूल में घर से खाना खाकर आते हैं और घर वापिस जाकर खा लेते है, वहां इसकी जरूरत नहीं है। इस कार्यक्रम को आंख मींचकर लागू न करें। जहां खाना न मिलता हो, वहां आप इसे रख सकते हैं लेकिन भगवान के नाम पर आप इसे हमारे यहां से उठा लीजिए। इससे भ्रष्टाचार बढ़ा है। मास्टर दूध बेच देते हैं, दलिया बेच हैं। गांव वाले भी इसे पसन्द नहीं करते हैं। वह कहते हैं कि इसे बेच-बाचकर खा लो लेकिन बच्चों को पढ़ाओ। मेरा निवेदन है कि इस प्रकार के कार्यक्रम को देखकर लागू करें।

एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज के बारे में मैं कहना चाहता हूं। ये भी शिक्षा मंत्रालय के नीचे ही हैं।

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री प्रो० एस० नुरुल हसन : जी, नहीं।

श्री शिव नाथ सिंह : एजक बात राजस्थान यूनिवर्सिटी के संबंध में कही गई है, उसको मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं। वहां के एक वाइस चांसलर हैं—मैं उनका नाम नहीं लूंगा— लेकिन उनकी एक चिट्ठी पढ़कर सुनाई गई और रैफरैंस दिया गया है।

एक माननीय सदस्य : श्री जी० सी० पांडे हैं।

श्री शिव नाथ सिंह : ठीक है। वह बिल्कुल आर० एस० एस० और आनन्दमार्ग से प्रभावित हैं। उनकी गतिविधियां राजस्थान यूनिवर्सिटी में और भी हैं। उनका एक कार्यक्रम है कि देश में, प्रांत में और उस यूनिवर्सिटी में बवंडर खड़ा हो। जो आर० एस० एस० या आनन्दमार्ग से प्रभावित नहीं हैं, उनको वहां एडमिशन नहीं दिया गया है। राजस्थान यूनिवर्सिटी राजस्थान की है, लेकिन पिछली बार ऐसा किया गया है कि उसमें जयपुर के लड़कों का ही एडमीशन होगा। अगर उस यूनिवर्सिटी को जयपुर के लड़कों तक ही रखना चाहेंगे तो बाकी लड़के कहां जाएंगे। बाद में वहां के गवर्नर और स्टेट गवर्नमेंट ने इंटरफीयर किया, लेकिन फिर भी कुछ को ही एडमिशन वहां मिला, और सैकड़ों लड़के वहां एडमिशन प्राप्त करने से रह गए। इसलिए इन महाशय

की गतिविधियों की जांच कराई जाये, और अगर वह उन संगठनों से संबंधित हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। आप सब जगह निकालते भी हैं। जिन संस्थाओं में इस प्रकार के एलीमेंट हों आपको उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। अगर बडी जगह पर कार्यवाही करेंगे तो इसका असर पडेगा और उससे छोटे छोटे लोग अपने आप समझ जाएंगे। मैं संक्षेप में निवेदन करना चाहता हू कि इस मामले की जाच करवायें और अगर वह इस तरह की गतिविधियों से संबंधित है तो उनके खिलाफ आप अवश्य कार्यवाही करे।

मैं सोशल वैल्फेयर के बारे में कहकर समाप्त करूंगा। सोशल वैलफेयर की एक्टीविटीज मे जैसे बूढे है अपाहिज है, लावारिस है, उन सब की जिम्मेदारी समाज कल्याण पर होनी चाहिए। आजकल जो कुछ भी काम चल रहा है, वह ठीक है, लेकिन सफीशियैंट नही है। इस ओर भी विस्तार किया जाना चाहिए।

परीक्षा परिणामों में हम किस विषय में पिछडते जा रहे है, उसको भी आप देखे। राजस्थान बोर्ड के कुछ रिजल्टस निकले हैं, उसके आधार पर सर्वेक्षण हुआ है। सन 1971 से 1975 के जो रिजल्ट्स निकले हैं, उनमें हिन्दी में पास होने वालो की परसैंटेज लगातार नीचे गिर रही है। यह साइंस मे भी गिर रही है। इस तरह से जिन विषयो में हमारे लडके पिछड़ रहे हैं, उसमें उनको शिक्षा दी जाए।

इन शब्दों के साथ आपकी मांगों का में समर्थन करता हूं लेकिन निवेदन करूंगा कि गांव और देहात के बच्चों की शिक्षा की तरफ ध्यान दिया जाए।

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आप ने मुझे इस चर्चा के बीच इन्टरवीन करने का अवसर दिया है।

इस समय मैं केवल आप की रुचि के विषय, खेल-कूद, के सम्बन्ध में कहना चाहूंगा। मेरे मित्र, श्री दास मुन्शी, ने इस सम्बन्ध मे बहुत सी बाते कही है। उन्होंने बहुत से खेलों का जिक्र किया है, जिन में हमारा स्तर काफी गिर गया है। मै उन खेलों मे से पहले फुटबाल के बारे मे कहूंगा।

मै स्वय फुटबाल का खिलाडी रहा हू, और अब भी खेलता हू। मैंने शुरू से इस बात पर अपनी चिन्ता जाहिर की है कि भारत के एक लोकप्रिय गेम, जिस को मास गेम कह सकते है, के स्तर मे—जैसा कि श्री दास मुन्शी ने कहा है—1964 के बाद बराबर गिरावट हुई है, और आज यह स्थिति है कि हम एशियन जोन में भी सब से नीचे आते हैं जबकि 1962 मे हम एशियन चैम्पियन थे। इसके बहुत से कारण हो सकते हैं। श्री दास मुन्शी उन कारणों से वाकिफ भी हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि श्री दास मुन्शी आल-इण्डिया फुटबाल फेडेरेशन—अखिल-भारतीय फुटबाल संघ—के नये चुनावों में उस के उपाध्यक्ष चुने गए हैं। मुझे उम्मीद है कि इस संघ के नये पदाधिकारी सरकार के साथ मिलकर इस खेल का स्तर बढाने के सम्बन्ध में विचार करेंगे और कोई ठोस कदम उठाएंगे।

किसी भी खेल का स्तर केवल सरकार के प्रयत्नों के माध्यम से ऊंचा नही हो सकता है। इसमें बहुत बड़ा रोल फेडरेशन का भी होता है। श्री दास मुन्शी स्वयं इस बात को जानते

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

हैं। मुझे इस बारे में श्री दास मुन्शी, फैडरेशन के अध्यक्ष, आई० औ० ए० और ए० आई० सी० एस० से चर्चा करने का मौका मिला है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हम इस सम्बन्ध में कुछ कर पायेंगे। मैं किसी को दोष नहीं देना चाहूंगा। हमको नए सिरे से सोचना है कि हमें किस ढंग से फुटबाल का स्तर ऊंचा उठाना है। अगर हम यहां सोच कर काम करेंगे तभी इस खेल के प्रति न्याय होगा।

श्री दास मुन्शी ने कहा कि हम प्री-ओलिम्पिक्स मे इस लिए नही गए कि हमारा स्टैंडर्ड बहुत नीचा है। भविष्य में एशियन गेम्ज 1978 में होंगी, और उसके बाद ओलिम्पिक्स सम्भवतः मास्को में होंगे। अगर हम उन के लिए अभी से तैयारी करें, तो इसमें कोई शक नही है कि हम कुछ कर पाएंगे। इस लिए मैं स्वयं रुचि लेकर, फुटबाल टीम के बारे में क्या करना है उसके लिए मैं खास तौर से कोशिश कर रहा हू, विशेषकर यूथ टीम को तैयार करने के बारे मे मैं इस विषय को काफी गम्भीरता से ले रहा हू। हमारी यूथ टीम इस समय बैंकाक से एशियन यूथ टूर्नामेंट में खेल रही है। फुटबाल के और भी टूर्नामेंट हैं। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम उनमे पार्टिसिपेट करे।

माननीय सदस्य ने मर्डेका टूर्नामेंट की बात कही है। एशियन जोन में वह एक ऐसा टूर्नामेंट है, जो यह नापने के लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट हो सकता है, और है, कि हम कितने गहरे पानी में हैं। कुछ सालों से बैंकाक मे जो नया किंग्ज कप फुटबाल टूर्नामेंट शुरू हुआ है, हम उसमें भी टीम भेजने के लिए राजी हैं। जहां तक यूथ टीम का सम्बन्ध है, एक प्रोपोजल हमारे पास सऊदी अरेबिया से आई है। उस पर हम विचार कर रहे हैं। और मैं इस संबंध में चाहूंगा कि मुन्शी जी अपना जो खेल संघ है फुटबाल फेडरेशन उससे भी इस संबंध में विचार करके कुछ करें। मैं स्वयं चाहता हूं कि मिडिल ईस्ट कंट्रीज में यह फुटबाल यूथ टीम जाए। इसके अलावा और भी कुछ प्रोपोजल्स हमारे पास हैं खास कर के अफगानिस्तान एक टीम हम जुलाई मे भेज रहे हैं, यह भी प्रोपोजल विचाराधीन है। इसके अलावा कुछ विदेशी टीमों के लिए भी खास कर डी० सी० एम० वगैरह कुछ टूर्नामेंट कराएगे। तो हम जरूर अनुमति देंगे। स्कूल गेम्स के लिए इंटरनेशनल टूर्नामेंट सिंगापुर से हो रहा है नेक्स्ट जुलाई मे तो उसमें भी हम चाहेंगे कि हमारी जो स्टूडेंट फुटबाल टीम है उसको वहां भेजे। ये सारे प्रोपोजल्स हैं और मैं स्वय चाहता हू कि इन प्रोपोजल्स पर अमल हो। इसमे जब तक फैडरेशन और सरकार की सहमति और सहयोग नही होगा तब तक मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इन सब टूर्नामेंट्स में हमारी टीमें भाग लेंगी और हमें एक नही दो नही तीन टीमों की जरुरत पड़े तो इस देश में इतनी टीमें बन सकती हैं, उसमें कोई कमी नही होगी। यह तो फुटबाल की बात हुई। मुझे उम्मीद है कि जो नए पदाधिकारी है संघ के वे इसमें इन्टरेस्ट ले रहे हैं, उससे कुछ फर्क तो पड़ेगा और भविष्य में इस खेल का स्तर पड़ेगा।

इसके बाद क्रिकेट की बात है। यह बात सही है, सबसे बड़ी वीकनेस जो है जब कभी हमारी टीम हारती है तो सबसे बड़ा दोष यही देते हैं कि हमारे पास फास्ट बालर नहीं हैं और अभी जो जिक्र आपने किया, न्यूजीलैंड और वेस्ट-

इंडीज के दौरे पर हमारी क्रिकेट की टीम है, मैं एक बात कहना चाहूंगा। आप अच्छी तरह जानते हैं वाडेकर और नवाब पटौदी के बाद देश मे लोग ऐसा सोचते थे कि हमारी क्रिकेट की टीम मे आत्म-विश्वास की कमी है क्योंकि कौन-कैप्टेन होगा, यह है, वह है, बहुत सी बातें उठी जिससे टीम के मौरेल पर असर पड़ता है परन्तु आखिरी दिन जब कमेंट्री सुन रहा था तो हमारे ए० आई० आर० के कमेन्टेटर ने पूछा कैप्टेन बिशन सिंह बेदी से कि आपने इन दो टूर्स मे क्या पाया तो उनका एक छोटा सा जवाब था कि हमने आत्मविश्वास प्राप्त किया है इन दो टूरों मे। तो एक जो माहौल इस देश मे बना था क्रिकेट टीम के प्रति मै इस मे बिल्कुल सहमत हू कैप्टेन बेदी से कि इससे हमारे अदर एक आत्म-विश्वास जगा है और भविष्य मे जो भी टीम आएगी न्यूजीलैंड या एम० सी० सी० की उसमे मैं उम्मीद करता हू कि ये अपना परफारमैंस अच्छा करेगे। पर जो बेसिक प्राबलम है फास्ट बालर की, क्रिकेट बोर्ड के प्रैसीडेंट श्री मेहरा जब भी मेरे पास आए चर्चा करन के लिए तो मैंने हमेशा उनसे कहा है और वैसे मैं तो क्रिकेट का खिलाडी नही हु थोडा बहुत खेलता हू, पर जो मैंने आज तक समझा है इस देश मे फास्ट बालर क्या नही कर सकते उसका कारण मेरी समझ मे यह आया है कि यहा पर इस देश में जितने भी क्रिकेट के पिचेज हैं वे कभी भी फास्ट बालर की एनकरेज नही करती। इसलिए स्थिति यह है कि लड़का चाह कर भी फास्ट बालर नहीं बन सकता क्योंकि इस देश के अन्दर पिचेज चाहे वह कैलकटा के हों या बम्बई के हो, मद्रास के हों या दिल्ली के हों उसको करने के लिए एनकरेजमैंट नहीं देतीं। इसका एक कारण है और जब मैंने इस सबध में श्री मेहरा से बात की तो वह भी इस बात को स्वीकार करते है मैंने उन को कहा कि कुछ जो हमारे टेस्ट ग्राउन्ड्स है उन में कुछ इस तरह से पिच बनाए, भले ही हमे उसका लाभ न मिले, पर आने वाले समय मे जो हम फास्ट बालर तैयार करना चाहते हैं उसमें उससे कम से कम एन्करेजमैंट तो मिलेगा हमारे नए बालरों को तो ऐसी बात नही है कि हम फास्ट बालर तैयार नही कर सकते। मेरी समझ मे यह एक बहुत महत्वपूर्ण कारण है। आपने फिजिक की बात कही। यह बात सही है कि वेस्ट-इडीज मे जिस ढग से फास्ट बालर तैयार किए जाते हैं जिस ढग से उनका चयन होता है वह ऐसा है कि साधारण गाव के अधिकाश प्लेयर्स होते है और मैं समझता हू कि उनकी हाइट भी कोई इतनी नही है कि बहुत ज्यादा हो जिस हाइट के हिन्दुस्तान मे प्लेयर नही पैदा हो सकते या जिस फिजिक के प्लेयर यहा पैदा नही हो सकते।

स्विमिंग और वालीबाल मे बहुत दुर्भाग्य की बात है, खासकर के वालीबाल मे बहुत अच्छा पोटेंशियल है

सभापति महोदय छ फुट से ऊचे लडके आपको उत्तर हिन्दुस्तान मे पजाब मे हरियाणा मे जितने चाहे मिल जाएगे। उनको पकड लीजिए और तैयार कीजिए।

श्री अरविन्द नेताम पिछली वेस्ट-इडीज की जो टीम आई थी उसमे लायड और होल्डिंग को छोड कर सब हाइट में मेरे से छोटे थे।

सभापति महोदय माइक होल्डिंग तो फास्ट बालर छ फुट तीन इच का है।

श्री अरविन्द नेताम : तभी तो मैं ने कहा कि दो को छोड़ कर बाकी सब मेरे से छोटे थे।

सभापति महोदय : अगर हाइट भी जरूरी है तो हाइट भी मिल सकती है ।

श्री अरविन्द नेताम : रमाकान्त देसाई भी पेस बोलर थे इसलिए हाइट कोई जरूरी नहीं है ।

वालीबाल में हमारे देश ने काफी सफर किया है । सब में आपस में झगड़े की वजह से वालीबाल को काफी क्षति पहुची है । मैंने पिछले एशियन गेम्स में वर्ल्ड चैम्पियन जापान और चाइना को नजदीक से देखा है। इस सम्बन्ध में अगर अच्छे ढग से कोशिश की जाये, फैडरेशन वाले सहयोग दे तो हम भी उन के बराबर पहुच सकते हैं। इतनी पोटेंशियल हमारे देश मे है ।

जहा तक हाकी का सम्बन्ध है, यह हमारे देश का एक महत्वपूर्ण गेम है । आगामी माट्रियल ओलपिक मे कितनी टीमें भाग लेगी यह कहना हमारे लिए मुश्किल है लेकिन यह सही है जैसा कि श्री दास मशी ने कहा हाकी का स्टैंडर्ड दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है । मैं इसी को दूसरे ढग से कहना चाहुगा कि हाकी मे दूसरे कट्रीज ने, विशेषकर यूरोपियन कट्रीज ने अपना स्टैंडर्ड बढ़ा लिया है । बजाये हमारा स्टैंडर्ड पीछे जाने के, उन्होने अपना स्टैंडर्ड बढ़ा लिया है। दूसरी बात यह है कि हाकी गेम में जितने भी नियम बदले जा रहे हैं वह सब, इन्टरनेशनल बाडीज का जो फैडरेशन है उस के द्वारा बदले जाते हैं। उस मे यूरोपियन कट्रीज का एकाधिकार है इसलिए जितने भी नियम बदले जा रहे हैं वह करीब करीब मैं समझता हू कि उनके फेवर में होते जा रहे हैं। इस के कारण हिन्दुस्तान और पाकिस्तान दोनो ही इस सबध में मुश्किल महसूस कर रहे हैं।पहली बार आर्टिफिशियल टर्फ पर हम ओलपिक में खेलेंगे। हम जानते हैं कि एशिया के मुल्कों में किसी के पास आर्टिफिशियल टर्फ नहीं है इसलिए मैं कह सकता हूं कि यह बात उन के फेवर में जाती है । फिर भी जो हमारे सीमित साधन हैं उस में हम कोशिश कर रहे हैं कि उन को अच्छे ढग से ट्रेनिंग दी जाये। कल ही हमारे हाकी के कप्तान अजित पाल सिंह और दूसरे लोग आये थे, उन से मैंने चर्चा की तो मैं ने पाया कि उन में पूरा आत्मविश्वास है। पटियाला में जो उनकी फिजिकल कडीशनिंग हुई है उस से उनमें बडा विश्वास पैदा हुआ है ।

सभापति महोदय : आर्टिफिशिल टर्फ की क्या कास्ट होगी ?

श्री अरविन्द नेताम : 60 से 80 लाख तक फारेन एक्सचेंज में कास्ट आयेगी ।

इस प्रकार से हम कोशिश कर रहे हैं हाकी के सम्बन्ध मे कि आगामी ओलपिक में हमारा पर्फामेंन्स अच्छा हो और हम टाइटिल जीते । जैसा कि मैं ने आपको बताया कि हमारे खिलाडियो में बडा आत्म विश्वास है इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वे कुछ करके दिखायेंगे।

खिलाडियो के डाइट एलाउन्स के बारे में श्री दास मुशी जी ने कहा कि वह अपर्याप्त है लेकिन इस मे बेसिक प्रश्न यह है कि अगर हम उनकी ट्रेनिंग के दर्म्यान 15–20 रुपए डाइट के रूप में भी दे तो वहा से निकलने के बाद वे उसको मेनटेन नही कर पायेगे । ट्रेनिंग में हमने उनको दे भी दिया लेकिन उस के बाद उन्होने उसको मेनटेन नही किया तो शारीरिक दृष्टि से उसका गलत असर पडेगा । फिर भी मैं कहूगा कि ट्रेनिंग के दौरान हम उनको जितनी डाइट देते हैं वह पर्याप्त और उत्तम है । खासकर पटियाला में हम जो तैयारी करते हैं उस के लिए मैं कह सकता हू कि भारतीय स्तर पर जो अच्छे से अच्छा खाना हो सकता है वह हम देने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : चुनाव के टाइम पर जितना पैसा हम खर्च करते हैं क्या चुनाव के बाद भी हम उतना खर्चा कर सकते हैं ? कभी नहीं कर सकते हैं ।

श्री अरविन्द नेताम : स्कालरशिप्स का जहां तक संबंध है, गत वर्ष हमने स्टेट लेविल पर और नेशनल लेविल पर स्कालरशिप्स में काफी वृद्धि की है । 400 स्कालरशिप्स नेशनल लेविल पर 600 रुपए पर और 800 स्कालरशिप्स स्टेट लेविल पर 300 रुपए पर दी गई है ।

सभापति महोदय : स्पोर्ट्स स्कालरशिप्स को दूसरी स्कालरशिप्स के साथ पार पर क्यों नहीं रखा है—इसका आपके पास क्या जवाब है ।

श्री अरविन्द नेताम : सभापति महोदय, गत वर्ष हमने स्कालरशिप्स बढ़ाये हैं । जैसा मैंने पहले कहा था, हमारे पास सीमित साधन हैं, उन्हीं के अन्तर्गत हम इन को बढ़ा सकते थे । उस समय यह सवाल उठा था कि हम स्कालरशिप्स की मात्रा बढ़ाये या कम करें. . . . .

SHRI PRIYA RANJAN DAS MUNSI: Even a track suit costs more than Rs. 80/-.

श्री अरविंद नेताम : यह तो फैडरेशन को देना चाहिये, ट्रेक-सूट गवर्नमेंट नहीं देती है ।

सभापति महोदय : आपको मालूम होगा कि बाहर के देशों में जो स्पोर्ट्स के कोचेज़ होते हैं, उन को प्रोफेसर्ज का सम्मान दिया जाता है, उन के साथ प्रोफेसर्ज जैसा व्यवहार किया जाता है, उनकी इतनी इज्जत की जाती है । उन को जो रिम्यूनरेशन मिलता है, उस के मुकाबले आप अपने कोचेज को क्या देते हैं?

श्री अरविन्द नेताम : सभापति जी, चौथी पंचवर्षीय योजना के मुकाबले पांचवीं-पंचवर्षीय योजना में हमें काफी अधिक पैसा मिला है । पिछले वर्षों के मुकाबले गत वर्ष हमारा परफौर्मेन्स काफी अच्छा रहा है, हाकी हो, एथलीट्स हो, वुमन-हाकी हो, दूसरे खेल-कूद हों – इन सब के बारे में हम ने अपनी रिपोर्ट में दिया है कि कौन कौन से इवेन्ट्स हुए हैं और उन में हमारा परफौर्मेन्स क्या रहा है ।

1970 के पहले खेल कूद केवल शहरों तक ही सीमित था । लेकिन 1970–71 में हमारे मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिये एक खेल-कूद की योजना स्वीकार की, जिस का परिणाम अब तक बहुत उत्सावर्धक रहा है। गत वर्ष में ग्रामीण खेल-कूद की योजना मे जिन बच्चों ने हिस्सा लिया, उन की संख्या 7 लाख के लगभग है तथा इन लोगों ने ब्लाक-लेवल स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक के खेलों में हिस्सा लिया । इस योजना के माध्यम से हम गांवों में खेल कूद के प्रसारण में काफी हद तक सफल हुए है । समय समय पर राज्य सरकारों से सम्पर्क स्थापित करते रहे हैं ताकि इन का अधिक से अधिक विस्तार हो सके ।

जो वित्तीय सहायता हम अब तक स्टैटस स्पोर्ट कान्सिल को दिया करते थे, इस साल हमने उस को भी बढ़ा दिया है । जैसे स्टेडियम के लिये हम पहले पचास हजार रुपये दिया करते थे, अब उस को एक लाख रुपये कर दिया है । दूसरे मामलो में भी वित्तीय सहायता को हम न बढ़ाया है । हमारी यह कोशिश है कि हमारे जितने भी लिमिटेड रिसोर्सेज हैं हम उन को ठीक ढंग से खर्च करें ताकि अधिक से अधिक लाभ हो सके ।

जहा तक गाइड लाइन्स का सम्बन्ध है, फैडरेशन्ज को हम ने गाईड लाइन्ज दी है । मैं मुंशी जी से कहना चाहूंगा कि इस मे हम किसी भी प्रकार का पक्षपात नही करेंगे सब के साथ समान स्तर पर व्यवहार करेंगे ।

[श्री कालिचरण बैलरम]

पटियाला में जो हमारा नेशनल इंस्टीच्यूट है, वहां हम अपने खिलाड़ियों को साइंटिफिक तरीके से प्रशिक्षण देते हैं। आज देश में कोचिंग की जरूरत है, हम वहां कोचेज तैयार करते हैं, अब तक तीन हजार कोच तैयार हो चुके हैं। हमने निश्चय किया है कि जितनी भी राष्ट्रीय टीमें जो इन्टरनैशनल कम्पीटीशन्ज में भाग लेती हैं, उन को पटियाला के नेशनल इंस्टीच्यूट के सुपर विजन में कम्पलसरी ट्रेनिंग लेनी होगी। इस का बहुत अच्छा असर हुआ है। कुछ सदस्यों ने चयन में पक्षपात की बात कही—कुछ साल पहले ऐसी शिकायत थी, लेकिन अब नहीं है। जब चयन किया जाता है तो उस में कोच का सहयोग भी लिया जाता है, वैसे चयन की जिम्मेदारी फैडरेशन की होती है।

बैंगलौर में जो एन० आई० सी० सेन्टर खुला है, मुझे उम्मीद है कि दक्षिण भारत के खिलाड़ी उस का पूरा लाभ उठायेंगे। अभी वह निर्माणाधीन है हम कोशिश कर रहे हैं कि उस का और ज्यादा विस्तार करें। अन्त में मैं यही निवेदन करना चाहता हू कि खेल कूद के क्षेत्र में जो हमारे लिमिटेड साधन है, उन को दृष्टि में रखते हुए हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे है कि अपने खेल कूद के कार्यक्रमों को अधिक से अधिक आगे बढ़ायें।

इन शब्दों के साथ, सभापति महोदय, आप को भी धन्यवाद देता हूं, आप ने मुझे बोलने के लिये इतना समय दिया।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी, मैं सब से पहले मंत्री महोदय का ध्यान पटना विश्वविद्यालय की दयनीय स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं यह सवाल आज से नहीं बल्कि जब से लोक सभा में आया हूं तभी से उठा रहा हूं। हिटलर जर्मनी का प्रचार मंत्री गोबल्स झूठ बोल बोल कर लोगों को गलत बात सच साबित करने की कोशिश करता था, लेकिन मैं सच बोल बोल कर सरकार का ध्यान पटना विश्वविद्यालय की स्थिति की तरफ तब तक दिलाता रहूंगा जब तक सरकार उसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित नहीं कर देती।

16.26 hrs.

[SHRI ISHAQUE SAMBHALI *in the Chair*]

वहां जो छात्रों की समस्यायें हैं, चाहे छात्रावासों की हो या और दूसरे सवाल हों, साइंस कालेज में सामान की कमी, ये तमाम बातें सरकार को मालूम हैं और वहां का जो शिक्षक संघ है विश्वविद्यालय का उस ने भी बहुत दिनों से यह मांग कर रखी है कि इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाये। ठीक इसी तरह से वहां के तमाम बुद्धिजीवी कह रहे हैं। पटना की आबादी 5 लाख है, और वह विश्वविद्यालय आज का नही, पूरे हिन्दुस्तान में जब 5 विश्वविद्यालय बने थे उन में पटना विश्वविद्यालय की गिनती की जाती है और उस का स्टैन्डर्ड एक जमाने में बहुत ऊंचा रहा है। उस के तेजस्वी विद्यार्थी आज हमारे लोक सभा के अध्यक्ष है। तो यह उस का रिकार्ड रहा है। बड़ी बड़ी हस्तियों को उस विश्वविद्यालय ने पैदा किया। लेकिन आज उस की स्थिति दयनीय है। इसलिये मैं बारबार सरकार से निवेदन करूंगा कि उसे अगर आप बचाना चाहते हैं, उस के गौरव की रक्षा करना चाहते हैं तो आप उसे आर्थिक दलदल से निकल कर अपने प्रबन्ध में लीजिये। पुराने इतिहास में मैं नहीं जाना चाहता कि किस तरह से जातिवादियों ने उस विश्वविद्यालय को बर्बाद करने की कोशिश की। जाति के नाम पर तरह तरह की बातें की गई। तो चीजें न हों और आप के प्रबन्ध म आ जाय। मैं फिर कहना चाहता हूं कि वहां के अध्यापकों और छात्रों ने, जब मंत्री जी पटना गये थे केन्द्रीय विद्यालय की नींव डालने, मांग की कि उसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय बना दिया जाय। तो मैं जानना चाहूंगा कि सरकार इस विषय में क्या सोच रही है।

दूसरी बात मैं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की दयनीय स्थिति के बारे में कहना चाहता हूं और आप का ध्यान उनकी ओर दिलाना चाहता हूं। भारत के तमाम विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों की दयनीय स्थिति की तरफ सम्भवत किसी ने ध्यान खीचने की कोशिश नही की। हजारों कर्मचारी विश्वविद्यालयो में काम करते हैं। उन का वेतन स्तर क्या है यह आप जानते हैं। उन्हें दूसरी सुविधायें क्या मिलती है वह भी आप जानते है। यहां तक कि उन्हे वर्कमैन भी नही माना जाता। अगर वर्कमैन भी मान लें ट्रेड यूनियन कानून के मुताबिक तो उन्हें बहुत सारी सुविधायें मिल सकती है। अभी हाल मे उन के आल इंडिया फैडरेशन की तरफ से प्रधान मंत्री को एक ज्ञापन दिया गया है जिस में माग की गई है कि पूरे हिन्दुस्तान के विश्वविद्यालयो के कर्मचारियो का वेतन मान और दूसरी सुविधाये एक समान तय की जाये। उन मे प्रान्त स्तर पर अलग अलग विभेद नही होना चाहिये, बल्कि एक वेतन मानऔर सुविधाये होनी चाहिये और साथ साथ उन्हे वर्कमैन माना जाना चाहिये ताकि विश्वविद्यालयो के कर्मचारी बाइज्जत इस देश म रह सके। और समझे कि उन के साथ भी उचित व्यवहार किया जा रहा है।

तीसरी बात मै यह कहना चाहता हू कि अन्धे छात्र हमारे यहा बहुत हैं। उन के सवालों का आप जानते हैं। उन के लिये ट्रेनिंग की व्यवस्था आप करते हैं और पढ़ने की व्यवस्था भी आप करते ही हैं लेकिन जब वे स्कूलों से निकल कर आते हैं, ट्रेंड हो कर आते हैं तो रोजी के लिए इधर उधर भटकते हैं। आंख वाला तो भटक कर कहीं न कहीं रोजी खोज सकता है लेकिन अन्धे कहा जायेंगे। उनकी तरफ आप का ध्यान जरूर जाना चाहिए।

अब मैं छात्रवृत्तियों की बात पर आता हू। आप हरिजनों और पिछड़ी जातियों के लोगों को छात्रवृत्ति देते हैं।

प्रो० एस० नरूल हसन : हम नहीं देते हैं, होम मिनिस्ट्री देती है।

श्री रामावतार शास्त्री : तब मैं इस पर नहीं बोलूंगा।

अब मैं शास्त्री डिग्री की बात पर आता हूं। इस सदन में बहुत से सम्मानित शास्त्री लोग विराजमान हैं। हमारे पं० कमलापति त्रिपाठी, रेल मंत्री हैं। हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, हमारे आदरणीय गुरू श्री राजा राम राय शास्त्री और हमारे आदरणीय श्री विभूति मिश्र शास्त्री हैं, वे कहलाते नही हैं लेकिन वे शास्त्री हैं। इसी तरह से श्री शिव पूजन शास्त्री हैं और डा० केसकर थे और इसी तरह से दूसरे शास्त्री लोग यहा पर रह चुके हैं। इस में आप का कसूर नही है लेकिन मैं बताना चाहता हू कि बिहार गवर्नमैंट ने इस 'शास्त्री' डिग्री को अमान्य घोषित कर दिया है और उन लोगों को नौकरी में स्थान नहीं मिलता क्या इस को आप उचित समझते हैं? अगर उचित नही समझते हैं तो आप बिहार गवर्नमैंट को मश्विरा दें कि इस तरह की गलती उसने क्यों की। इस चीज से घबड़ा कर काशी विद्यापीठ ने शास्त्री की डिग्री को खत्म कर दिया और अब बी० ए० की डिग्री देने लगे हैं। राष्ट्रीय आन्दोलन में काशी विद्यापीठ और ऐसी ही दूसरी विद्यापीठों ने अंग्रेजों से लड़ते वक्त जो शानदार रोल अदा किया है, वह गौरव की बात है और उस गौरव को हमेशा याद किया जाता रहेगा लेकिन दूसरी तरफ आप यह देखते हैं कि 'शास्त्री' की डिग्री को बिहार सरकार मान्यता नहीं देती है, आप तो उस को मानते हैं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर राज्य सरकार इस तरह की गड़बड़ करती है, तो उस को रोका जाना चाहिए और मैं बिहार सरकार की इस नीति की निन्दा करता हू। उन्होंने इस तरह की बात क्यो की और उन्हे अपनी गलती को

[श्री रामावतार शास्त्री]

मान कर शास्त्री' की डिग्री को फिर से मानना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं ।

PROF. NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): Sir, I rise to support the demands of the Ministry of Education for 1975-76. First of all, I want to bring to the notice of the hon. Minister the recommendations made by the Swaran Singh Committee that education should be a concurrent subject and the Constitution should be amended accordingly. The recent conference of academicians in which as many as 46 vice-chancellors participated passed a unanimous resolution to that effect and we have the blessings of the Congress President D. K. Borooah for this proposal. I hope the Education Ministry would welcome this step because unless and until there is a uniform pattern of education, with some regional variations at the State level, the country will not progress as desired by the educationists and national leaders.

Secondly, may I request the hon Minister to pay some attention to the UGC and its working? I shall cite only one instance. I asked a question during this session: how many committees of the UGC are working at the present moment for various tasks? The answer given by the hon Minister himself was: the information will be collected and laid later on the Table of the House. If this information is not to be collected from the very office of the UGC, is it to be collected from Sikkim or Himachal or Arunachal or Tamilnadu? What can be expected of the UGC? I stress the point highlighted by Das Munsi that sports should be encouraged in this country. What is the role of UGC in this? Physical instructors or lecturers on physical education, even in Delhi University where the Minister is sitting, have not been given UGC grades. Why this injustice? I would plead therefore, that all over the country the teachers of Physical Education working in the colleges may be designated as Lecturers in Physical Education and they may be given the grades approved by the U.G.C. Here I may refer to the Banaras University. It has been reported that Banaras University where we have an enlightened Vice Chancellor in the person of Dr. Shrimali has agreed to give this grade. Even if they have not given this grade, it is necessary that these Physical Education teachers working in the colleges should be given this grade. In any case they should not be excluded from getting the U.G.C. grade and if you give them this grade it would give a fillip to the sports. Moreover, the UGC. should set apart some amount of money for enhancement of sports and sports education. Taking into consideration the importance of sports, I would suggest that a good amount of money should be spent on physical education, whereas money is spent on Science, Commerce, Law and on everything but not on Physical Education Therefore, Sir, I would request the Hon'ble Minister to see that these grades are implemented in all the Universities from the same date and these grades should also be implemented in the other Universities in the country which are deemed universities Now, there are about 102 Universities and there are some Institutes also. I do not know how many are there Here I want to point out the case of the Central Institute of Languages, Manas Gangodri, Mysore. The staff of this Institute have not shown any resentment. I do not know why the staff of this institute has not been considered for this grade. Similarly, I would suggest that various universities should be persuaded to give the U.G.C. grade to the teachers from the same date. Some Universities have given this grade to the teachers from 1975 and some have given from 1973. This is an anomolous situation.

Thirdly, I would request the Hon'ble Minister to pay some attention to technical development. I find that most of the Members have not referred to this point. There are many Engineering Colleges where many facilities are available. But what about the Polytechnics? Students for Diploma courses who are studying in the polytechnics are not getting these facilities and is the case of the teachers working in polytechnics. There are more than 200 polytechnics all over the country. The lecturers recruited in these polytechnics should be given these grades and their pay-scales should be revised. Similarly, the pay-scales of the Workshop Instructors should be revised. Since 1958 the pay-scales of the Workshop Instructors have not been revised. Some attempt should be made in this direction also.

I may now refer to the Central Schools which are doing good work. But they are becoming ivory towers and they have not connection with the local population. Unless they are able to involve the local population in them and a certain percentage of the local students are also admitted in their schools, no purpose would be served by these schools. Otherwise they would become tools of certain projects or public undertakings. When the 36th meetings of the Central Advisory Board of Education was held in 1973, we were told that there would be a model high school in each Development Block financed by the Central Government and administered by the State Government to act as a pace-setter in school education. There are about 5026 C.D. Blocks in the country. If the model schools cannot be established now due to financial difficulties, then the Central Schools should be developed as model schools and they should be established in such a manner that at least there is one Central School in each district headquarter.

Now, I would refer briefly to the Youth Services. Mr. Yadav has said that there are Nehru Yuvak Kendras in the country. I find from the report that there are 185 Nehru Yuvak Kendras, out of which only 93 are functioning at present. The next sentence of the report says that 50 per cent of the Nehru Yuvak Kendras are not working at all. I find from the report that during the year 1975-76, 75 Nehru Yuvak Kendras have been sanctioned. According to the report 50 per cent are not working at all. Then it means all those which have been sanctioned this year are not functioning at all.

I may refer to the report of the Sahitya Academy. It has been stated that Nepali was recognised last year as one of the languages. But Konkani was not mentioned at all in the report, though earlier Konkani was recognised by the General Council of the Sahitya Academy last year. I would request the Minister to see why recognition to Konkani has not been mentioned in the report. Is it because a pressure group was working against the recognition of Konkani and was trying for its derecognition?

Now, I may refer to the development of languages and I may trace the importance of Sanskrit. Sanskrit is a source of inspiration for all of us and whatever may be the language formula—three language formula or five language formula—Sanskrit should be given the importance. With these words, I support the Demands of the Ministry for the year 1976-77 and say a word of appreciation to the work done by the Hon'ble Minister for Education who himself happens to be a great educationist. It would be a great day in this country when he brings forward the Constitution amendment for the recognition of education as a Concurrent Subject.

श्री राम हेडाऊ (रामटेक) : सभापति महोदय, ब्यूरोक्रेसी और प्रतिस्वार्थी तत्वों ने इस देश को खोखला बना दिया है, और

[श्रीराम हेडाऊ]

शिक्षा क्षेत्र भी उन बीमारियों से अछूता नहीं रहा है। शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त किये बिना शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति एवं उस में सुधार होना असम्भव है। मैं कुछ प्रश्न उपस्थित करूंगा। मंत्री महोदय उन पर गम्भीरता से विचार करें और उचित उपाय करें।

शिक्षा के लिए निर्धारित बजट की कितनी राशि शिक्षा के विकास एवं उस के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्यय होती है? कितनी राशि शिक्षा क्षेत्र की एजेन्सियां भ्रष्टाचार के द्वारा हड़प करती हैं? क्या देश के समस्त शिक्षकों को वह पूरी तनख्वाह दी जाती है, जो रिकार्ड पर लिखी जाती है?

स्कूल के मैनेजर, सचालक, एवं सरकारी अधिकारी मिल कर, सहकारिता से, एक योजनाबद्ध तरीके से, भ्रष्टाचार करते हैं। यह आर्थिक भ्रष्टाचार इतना भयंकर है कि उस को गाथा सुनाने के लिए बहुत समय लगेगा। इस भ्रष्टाचार की इस लिए उपेक्षा की जाती है कि जो भ्रष्टाचारी शिक्षा क्षेत्र में घुसे हुए है, उन से सरकार घबराती है। ग्राम पंचायत से ले कर केन्द्रीय नेताओं तक सब ने अपनी राजनीति को ठीक ढग से चलाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई संस्थाये खोली हुई हैं। उन में यह भ्रष्टाचार खुले रूप मे चल रहा है, जिस की सरकार को पूरी जानकारी है। मगर फिर भी उस का कोई इलाज नहीं होता है, और यह बड़े दुःख की बात है।

शिक्षा एक आदर्शवाद का निर्माण करने वाला और मनुष्य का सर्वांगीण विकास करने वाला पवित्र क्षेत्र है। मगर इस पवित्र क्षेत्र की यह दुर्दशा देख कर देश के नेता भी कुछ नही कहते है। केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मंडल में जा कर हम को ऐसा लगा कि उस में हमारा भाग लेना निरर्थक है। अगर यही स्थिति रही, तो शिक्षा के क्षेत्र में कोई सुधार नहीं होने वाला है।

क्या इस भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाने का सरकार का विचार है? मंत्री महोदय को इस प्रश्न पर विचार करना चाहिए।

अब मै कुछ सुझाव देना चाहता हूं। शिक्षा को राज्य एवं प्राइवेट सैक्टर से निकाल कर केन्द्र का सबजैक्ट बना दिया जाये।

दूसरा अंग्रेजी को ऐच्छिक विषय बना दिया जाय और हिन्दी को अनिवार्य विषय बना दिया जाय। यह अंग्रेजी का भूत 150 साल गुलामी में रहने के कारण हमारे सिर पर ऐसा बैठा है कि अंग्रेजी बोलने वाला, अंग्रेजी में बन ठन कर काम करने वाला बड़ा होशियार समझा जाता है।

सभापति महोदय : आप अपने सजेश्चंस पढ़ दीजिए, आप का टाइम बहुत थोड़ा है।

श्रीराम हेडाऊ : अंग्रेजी को ऐच्छिक विषय बना दिया जाय।

दूसरा महाराष्ट्र के अन्दर अमरावती में विश्वविद्यालय की स्थापना को मान्यता दे दी जाय। उस क्षेत्र की जनता की यह मांग है। यदि वह विश्वविद्यालय हो जाता है तो नागपुर विश्वविद्यालय पर जो कार्यभार अधिक है वह भी कम हो जायगा।

तीसरी बात—शराब बन्दी कर के विद्यार्थी एव युवा पीढ़ी की पतन मे रक्षा की जाय। कितना महा भयंकर पतन आज हो रहा है यह आप जानते है।

सभापति महोदय : शराबबन्दी का इस डिपार्टमेंट से कोई ताल्लुक नही है।

प्रो० एस० नुरुल हसन : हुजूर, है।

श्रीराम हेडाऊ : बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत जो हो रहा है उस से भी मैं शिक्षा मंत्री को परिचित करा देना चाहता हूं।

किताबें एवं स्टेशनरी नियमित दामों पर विद्यार्थियों तक पहुंचाने की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं हुई । विद्यार्थियों को नियमित दामों पर जीवन के लिए आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो रही है ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, मैं शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा रखी गई मांगों के समर्थन में खड़ा हुआ हू । समय की पाबन्दी है इसलिए मैं केवल अपने प्वाइट्स रख देना चाहूंगा ।

शिक्षा किसी भी देश का जीवन दर्पण होता है । आप जानते हैं कि इसी के माध्यम से अतीत के आधार पर वर्तमान में भी हम भविष्य की परिकल्पना कर सकते है किसी भी देश का भविष्य क्या होगा वह वहा की शिक्षा या स्कूल कालेज अथवा यूनिवर्सिटीज में जाते हुए विद्यार्थियों को देखकर मालूम कर सकते है ।

यहा पर अग्रेज शिक्षा इस लिए देते थे कि उन्हे किरानियो की जरूरत थी । लेकिन बदकिस्मती से इन 27 वर्षों में जब से हम लोगों के हाथ मे शिक्षा विभाग आया या भारत आजाद हुआ उस के बाद भी शिक्षा विभाग मे इतने एक्सपरिमेंट्स हुए जितने एक्सपरिमेंट्स और किसी विभाग में नही हुए । कभी तो शिक्षा में अंग्रेजी को कम्पलसरी रखा जाता है, कभी उसको आप्शनल बना दिया जाता है । कभी साइन्स कम्पलसरी रखी जाती है, कभी उसको आप्शनल किया जाता है । कभी हिस्ट्री ज्याग्राफी को कम्पलसरी बनाया जाता है, कभी उसको आप्शनल बनाया जाता है । ये सारी बाते होती रही है । इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करूगा कि इन जीवनोपयोगी विषयों की ओर वह ध्यान दे , खास कर हिस्ट्री ज्याग्राफी की बात मैं करू, अभी हमें एक डेलीगेशन में बाहर जाने का मौका मिला, हमारे साथ एक कलकत्ता विश्वविद्यालय के ला के स्टूडेंट थे उन्हें यह पता नही था कि पेरिस कहां है ? पेरिस उन्हें जाना था । इसलिए मैं इस तरफ ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि कम से कम इस की जानकारी भी बच्चों को हो कि वे कहां रह रहे हैं । केवल यही नहीं कि हम ने सिलेबस ऐसा कर दिया हम ने कहा है कि हमें केवल साइंस पढ़नी है इसलिए हिस्ट्री ज्याग्राफी की बात नही कर सकते या हिस्ट्री ज्याग्राफी पढ़नी है तो साइंस की बात नहीं कर सकते या हिसाब की बात नहीं कर सकते । एक दो तीन क्या होता है इसकी भी आवश्यकता पड़ती है । इसलिए इन विषयों की जानकारी बच्चों को दी जाय ।

दूसरी बात— आप जानते होंगे विगत कुछ सालो में शिक्षा संस्थाओं में जितने दंगे फसाद हुए उतने कही नहीं हुए । आपातकालीन स्थिति की घोषणा जब हुई तो एजूकेशनल इन्स्टीट्यूशन्स मे डिसिप्लिन आई । . (व्यवधान) . यह खुशी की बात है कि अनुशासन लोगों मे आया है । लेकिन यह अनुशासन किस तरह परपेचुएट करें इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है । मैं चाहता हू कि यूनिवर्सिटीज और कालेजेज मे इस तरह का वातावरण बराबर रहे । जैसा शास्त्री जी ने इशारा किया यह बात सही है कि इस में थोड़ी सी स्लैकनेस आई है, थोड़ी कमी हुई है । मैं मंत्री जी से आग्रह करना चाहूगा कि इस ओर भी वे ध्यान दे ।

17 hrs.

एक बात मैं कहना चाहूंगा कि जो मेरी मान्यता है कि यूनिवर्सिटीज और कालेजेज में इंडिसिप्लिन फैलाने के लिए जो शिक्षक वहा है वे भी जवाब देह है । आप जानते हैं जो विभिन्न दलों से लोग आते हैं, राजनीतिक दल वाले, अभी सरकार ने छूट दे रखी है कि यूनिवर्सिटी या कालिज के प्रोफेसर्ज और टीचर्स भी वहा के लॉजिस्लैटर्स

[श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव]

हो सकते हैं, इस सम्बन्ध में जैसे हमारी बिहार की सरकार विचार कर रही थी और मैं समझता हूं कि उन्होंने विचार कर लिया है कि ऐसे जो लोग एक्टिव पालिटिक्स में आ जायं, उन को कम से कम उतने दिन के लिये, परमानेन्टली न सही छुट्टी लेनी चाहिये। वहां से लौटने के बाद यदि वे चाहें तो फिर अपने स्थान पर जा सकते हैं। इस समय क्या हो रहा है कि एसे लोग एक तरफ तो इलक्टैड रिप्रजेन्टटिव की हैसियत से असेम्बली में होते हैं और दूसरी तरफ़ अपनी इन्स्टीचूशन में भी रहते हैं फिर दोनों में से एक जगह पर अपना वेतन लेते हैं और दूसरी जगह पर एलाउन्स लेते हैं। साथ ही वे अपने आइडियाज को नवयुवकों पर थरस्ट-आन करते हैं। मंत्री जी को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिये।

देश में जो रोजगारी का प्राब्लम है, इसके लिये मैं समझता हू, ज्यादातर शिक्षा विभाग दोषी है। यदि शुरू से ही शिक्षा में जाब-ओरिएन्टेशन की व्यवस्था हो जाती तो यह स्थिति उत्पन्न न होती। यूनीवर्सिटी एजूकेशन का आज यह प्राब्लम है कि जिस को कोई काम नहीं होता है वही यूनीवर्सिटी में पढ़ने चला जाता है। यदि इस बात का ध्यान रखा गया होता तो आज इस बात का नक्शा ही दूसरा होता। मै प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हू—कि 10+2+3 का फार्मुला जो अब चालू हो गया है, वह ठीक चल रहा है लेकिन मैं समझता हू कि उतनी जाब्स तब तक रेडी होनी चाहिये जब तक कि ये लोग इस फार्मूले के अन्तर्गत बाहर निकलेंगे। इस के लिये आप जो प्राइवेट इण्डस्ट्रीज हैं उन को भी काटेक्ट करे, जो कि दुर्भाग्यवश आज नही हो रहा है। आप केवल सरकारी नौकरियां ही सभी को नही दे सकते हैं। प्राइवेट इण्डस्ट्रीज को भी कटेक्ट कर के, की उन के यहा जाब्स निकले, उन को भी लेना चाहिये।

आज हमारा देश समाजवाद की ओर तेजी से बढ़ना चाहता है। लेकिन आप को जानकारी होगी—हमारे यहा स्कूली शिक्षा में तीन तरह की शिक्षा है—एक तो पब्लिक स्कूल्ज हैं, दूसरे —सेंट्रल स्कूल्ज हैं और तीसरे गाव की पाठशालायें हैं। केवल पढ़ाई का स्टैण्डर्ड ही तीन तरह का नहीं है वातावरण भी तीन तरह का है। हम चाहते हैं कि इस को एक साथ मिला कर आप एक तरह ही की शिक्षा दें। इस के लिए जरूरी है—जैसा कि एक दोस्त ने कहा है —शिक्षा को केन्द्रीय सूची में शामिल किया जाय। यदि आप ऐसा नही करते हैं तो एक तरह की शिक्षा नहो दे सकेंगे।

एक बात और महत्वपूर्ण है। शिक्षा के सिलेबस में राष्ट्रीयता और नैतिकता का भी समावेश होना चाहिये। सिलेबस में इस तरह का प्रावधान होना चाहिये कि बच्चों को इस बात की शिक्षा दी जाय कि वास्तव मे राष्ट्रीयता क्या है, ताकि प्रारम्भ से ही उन में राष्ट्रीयता का भाव अंकुरित हो।

आज देश में जन संख्या की समस्या बडी भयंकर है। लेकिन कही भी स्कूल कालिज में उस के सम्बन्ध में शिक्षा की व्यवस्था नही है। इस तरफ भी मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिये।

एन० सी० सी० के द्वारा छात्रों मे अनुशासन की भावना पैदा होती है। इस लिये स्कूल, कालिजो में एन० सी० सी० को कम्पलसरी किया जाय। नेहरू युवक केन्द्र के सम्बन्ध में मेरी निजी जानकारी है कि हमारे जिले मे और दूसरे जिलों में भी बहुत अच्छा काम कर रहा है। मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि उस को ज्यादा से ज्यादा मदद दी जाय।

हिन्दी जो हमारी राष्ट्र भाषा है — वह हमारी नेशनल लैंग्वेज हो, इस के लिये प्रयास होना चाहिये और इस तरह से

उस को डेवलप करना चाहिये कि हम बाहर भी बता सकें कि हम हिन्दुस्तान के रहने वाले हैं।

सभापति महोदय : अब मिनिस्टर साहब को बोलना है, लेकिन मुझे अफसोस है, कि आठ साहबान बोल चुके हैं, कोई लेडी मेम्बर आज नहीं बोली हैं। अगर हाउस मेरी दरख्वास्त को मंजूर करे...

प्रो० एस० नूरुल हसन श्रीमती सावित्री श्याम आज ही बोली हैं।

सभापति महोदय : बहरहाल एक दूसरी लेडी मैम्बर का नाम है, अगर हाउस मेरी दरख्वास्त मंजूर करे तो वे भी बोल लें।

SHRI B. V. NAIK (Kanara): If the Minister insists upon replying now itself, he is welcome. But, let him reserve the last fifteen minutes for answering certain relevant and pertinent questions which would be raised by those hon. Members who could not speak on these Demands.

MR. CHAIRMAN: We will consider that.

SHRIMATI ROZA DESHPANDE (Bombay Central): I just wanted to draw the attention of the Minister to certain points and emphasize them.

